संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, गुरूवार, 03 अप्रैल 2025 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 16 अंकः 90 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नवरात्रि के पांचवे दिन देवी स्कंदमाता की होती है पूजा



मां स्कंदमाता का स्वरूप- मां स्कंदमाता के स्वरूप की बात करें तो मां की गोद में स्कंद देव विराजमान हैं। मां कमल के आसन पर विराजमान हैं, जिसके कारण मां स्कंदमाता को पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है। मान्यता है कि मां भगवती के पंचम स्वरूप की उपासना करने से संतान संबंधी परेशानियां दूर होती हैं।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है।" - भगवत गीता

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।" -स्वामी विवेकानंद


# वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में चर्चा

- वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा, कानून हर किसी को मानना पड़ेगा, 'क्या धमकाना चाहते हो भाई?': विपक्ष पर जमकर बरसे अमित शाह

### समर्थन

▶▶ बिल को केंद्र की सरकार में शामिल टीडीपी, जदयू और एलजेपी ने समर्थन दिया







टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल सरकार की तरफ से गृह मंत्री अपना पक्ष रख रहे हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पेश किया। किरण रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। बिल को केंद्र की सरकार में शामिल टीडीपी, जदयू और एलजेपी ने समर्थन दिया। शिवसेना यूबीटी सांसद अरविंद सावंत ने अपने भाषण में ये क्लियर नहीं किया कि वे बिल के पक्ष में है या विरोध में। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रोविजन भी नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है। शाह ने कहा- एक सदस्य ने कह दिया कि यह बिल माइनॉरिटीज स्वीकार नहीं करेंगी। क्या धमकी दे रहे हो भाई। संसद का कानून है, स्वीकार करना पड़ेगा। बिल पर चर्चा में रिजिजू ने 58 मिनट अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 5 मार्च 2014 को 123 प्राइम प्रॉपर्टी को दिल्ली वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दीं। ऐसा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अल्पसंख्यक वोटों के लिए किया गया, पर चुनाव हार गए। रिजिजू ने कहा- अगर हमने यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो कई अन्य संपत्तियां भी गैर-अधिसूचित हो गई होतीं। भाजपा सांसद ने कहा- वक्फ के खौफ से भारत के लोग आजादी चाहते हैं।

**मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बोला- बिल पास हुआ तो देशभर में आंदोलन करेंगे**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा, 'अगर यह बिल संसद में पास हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।'

**कांग्रेस ने मुसलमानों को डराने का काम कियाः शाह**

शाह बोले- राम मंदिर बनाने की बात आई तो कहा गया कि खून की नदियां बह जाएंगी, मुसलमान सड़क पर उतर आएगा। ट्रिपल तलाक, सीएए के केस में ऐसा कहा गया कि मुसलमान की नागरिकता जाएगी। अगर 2 साल में एक भी मुसलमान की नागरिकता गई हो तो सदन के पटल पर रखेंगे। धारा 370 पर क्या-क्या कहते थे। आज उमर अब्दुल्ला सीएम हैं, विकास हो रहा है।

कांग्रेस ने मुसलमानों को डराने का काम करके वोट बैंक बनाने का काम किया। इस देश के नागरिक को, किसी भी धर्म का हो, कोई आंच नहीं आएगी। ये नरेंद्र मोदी सरकार है। ये सालों से जातिवाद और तुष्टिकरण पर काम करते आए हैं। अपने परिवार की पॉलिटिक्स को आगे बढ़ाया है। 2014 से जातिवाद-तुष्टिकरण-परिवार को नरेंद्र मोदी सरकार ने खत्म करके, विकास की राजनीति को बढ़ावा दिया है। 3 टर्म मोदीजी को जिताया है और 3 टर्म भाजपा की सरकार बनने वाली है।

### आज मुस्लिमों को टारगेट कर रहेः केसी

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- आप मुस्लिमों के साथ वक्फ बोर्ड में भेदभाव कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह संविधान के अनुसार है।

कहा गया कि अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों की संविधान के अनुसार रक्षा की जाए। आप आज मुस्लिमों को टारगेट कर रहे हैं। आप कल क्रिश्चियन, सिख, जैन के खिलाफ होंगे। संघ परिवार का एजेंडा है कि अल्पसंख्यकों को इस देश में खत्म कर दो।

**केसी वेणुगोपाल बोले- भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा**

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- हमारे यहां भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है।

### वक्फ की 1.2 लाख करोड़ की संपति

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसद कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने वक्फ बिल पर 15 मिनट अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'वक्फ के पास 1.2 लाख करोड़ से अधिक की संपति है। ये संपतियां मिसमैनेजमेंट का शिकार हैं। हमारी पार्टी का ये मानना है कि इस संपति का इस्तेमाल मुस्लिमों के कल्याण के लिए, महिलाओं के कल्याण के लिए होना चाहिए।'

### विपक्ष वास्तविक मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहताः एलजेपी सांसद अरुण भारती



एलजेपी (राम विलास पासवान) सांसद अरुण भारती ने कहा- इस विधेयक के विरोध में विपक्ष हमेशा धार्मिक पक्ष उठाता रहा है। विपक्ष कहता रहा कि मस्जिद चली जाएगी, दरगाह चली जाएगी। विपक्ष वास्तविक मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता, क्योंकि राजनीतिक षडयंत्र और प्रायोजित राजनीति की बात खत्म हो जाएगी।

**ठाकुर बोले- 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपति**

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर बोले- एक परिवार के चलते 1947 में एक विभाजन देखा है। आज जमीन का विभाजन नहीं होने देंगे। मोदीजी की सरकार में सिर्फ एक कानून और एक संविधान रहेगा। संदेश स्पष्ट है। एक है तो सेफ है। यह आस्था का विषय नहीं है। यह हिंदू बना मुस्लिम नहीं। संविधान बनाम भ्रष्टाचार है। कानून बनाम गैरकानूनी है। 200 लोगों के हाथ में वक्फ को दे रखा है और करोड़ों रुपए की संपति उनके पास है। एक कहावत है- पता है यहां से बहुत दूर हर गलत और सही के पार एक मैदान है, मैं वहां मिलूंगा तुझे और अगर वक्फ का बल चला तो तू वक्फ की संपति बन जाएगा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर बोले- भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। खाता न बही, जो वक्फ कहे, वही सही। आपको तय करना है कि आपको वक्फ के साथ रहना है या संविधान के साथ रहना है।

### पटना के चौराहे पर वक्फ का कब्जाः जदयू

कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी के नेता का बयान वायरल हो रहा है कि जिन्होंने कहा था- पटना का चौराहा पूरा वक्फ ने कब्जा कर रखा है, कड़ा कानून बनना चाहिए। किरण रिजिजू का धन्यवाद कि देश की संसद, सुप्रीम कोर्ट को वक्फ की संपति बनने से बचा लिया।

**बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं: ललन सिंह**

जेडीयू सांसद और केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा, 'ये नैरेटिव बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये बिल मुसलमान विरोधी है। ये बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं है। वक्फ कोई मुस्लिम संस्था है क्या? वक्फ कोई धार्मिक संस्था नहीं, एक लिए काम करता है। उस ट्रस्ट को ये अधिकार होना चाहिए कि वो सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करे जो नहीं हो रहा है।

## सीबीआई ने शुरू की भारतपोल पोर्टल की ट्रेनिंग

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल इंटरपोल से जुड़े मामलों को आसानी से निपटाने के लिए बनाया गया है। अब कई राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों से इंटरपोल नोटिस और अपराध संबंधी अनुरोध इसी पोर्टल के जरिए भेजे जा रहे हैं। सभी इंटरपोल लायजन ऑफिसर (आईएलओ) और यूनिट ऑफिसर (यूओ) इस पोर्टल से जुड़े हैं। उनके लॉगिन आईडी सीबीआई की तरफ से बनाई जा रही हैं। दूसरे देशों से आने वाले अनुरोधों को भी इसी पोर्टल के जरिए राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों तक पहुंचाया जा रहा है। सीबीआई के इंटरपोल पुलिस यूनिट सहयोग इकाई (आईपीसीयू) ने भारतपोल पोर्टल की ट्रेनिंग शुरू कर दी है। इस पोर्टल के लॉन्च के दिन सीबीआई मुख्यालय में आईएलओ अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद आंध्र प्रदेश, दिल्ली, त्रिपुरा, तेलंगाना, पंजाब और असम पुलिस को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई। तीन मार्च 2025 को सीबीआई अकादमी ने सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इंटरपोल और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर विशेष ऑनलाइन ट्रेनिंग आयोजित की।

## केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री में सुधार पर बैठक की

**नई दिल्ली:** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने बुधवार को केंद्रीय केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) रिकॉर्ड रजिस्ट्री में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सुधार और वित्तीय सेवाओं की सुगमता से उपलब्धता के लिए अपने ग्राहक अनुपालन को जानने से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय के मुताबिक डीएफएस के सचिव नागराजू ने केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) के पुनर्गठन और केवाईसी अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

## भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रियः एल. मुरुगन

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को लोकसभा में प्रेस की स्वंत्रता और रैंकिंग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रिय रूप से बिना किसी दबाव के काम कर रहे है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की जरूरत नहीं है। एल मुरुगन ने कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के एक लिखित प्रश्न के जवाब में यह बात कही, जिन्होंने 2024 में वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग में गिरावट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा भारत में सक्रिय मीडिया प्रणाली है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि मुरुगन का यह बयान रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें भारत को पत्रकारों की स्वतंत्रता के मामले में



### कोई दबाव नहीं

▶▶ लोकसभा में प्रेस की स्वंत्रता और रैंकिंग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया

180 देशों में से 159वां स्थान दिया गया था।

केंद्र सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक प्रणाली है जो संविधानिक प्रावधानों को लागू करने में मदद करती है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करता है। और शारीरिक हमलों तथा पत्रकारों पर हमलों से संबंधित शिकायतों का समाधान करता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रेस की स्वतंत्रता केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत एक स्व-नियामक तंत्र के द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

## जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होंगे वकील

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** जस्टिस दिनेश कुमार के दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय ट्रांसफर किए जाने पर नाराजगी जताते हुए वकीलों के संगठनों ने विरोध जताया और विरोधस्वरूप जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। वकीलों के संगठनों ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होने की जानकारी दे दी है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वे जस्टिस दिनेश शर्मा की अदालत में भी पेश नहीं होंगे।



**जस्टिस दिनेश शर्मा को न्यायिक जिम्मेदारी न देने की अपील**

जस्टिस दिनेश शर्मा का बीते मंगलवार को ही दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर सरकार ने यह स्थानांतरण किया है।

## फिर बिगड़ी दिल्ली की आबोहवा, पाबंदियां लागू

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** राजधानी की आबोहवा एक बार फिर बिगड़ गई है। बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 217 दर्ज किया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-1 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी किया है। सीएक्यूएम ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लिया है। सीएक्यूएम की सब-कमेटी ने बुधवार को बैठक कर दिल्ली-एनसीआर के वायु गुणवत्ता परिदृश्य की समीक्षा की। आईएमडी व आईआईटीएम की भविष्यवाणी व दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के बढ़ते स्तर को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दिल्ली का एक्यूआई 217 रिकॉर्ड किया।



### आदेश जारी

▶▶ ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-1 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी

## कच्चातिवु द्वीप पर तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पारित

टीम एक्शन इंडिया

**चेन्नईः तमिलनाडु** में एक बार फिर कच्चातिवु द्विप लेकर राजनीतिक गलियारे में सियासी हलचल तेज है। इसी बीच तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया, जिसे सभी राजनीतिक दलों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। विधानसभा के स्पीकर अप्पावु ने इस प्रस्ताव की घोषणा की। प्रस्ताव के पारित होने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विपक्ष द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब दिया।



बता दें कि विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने डीएमके पर आरोप लगाया था कि सत्ता में रहते हुए सरकार ने इस मुद्दे को अनदेखा किया।

## नए इमिग्रेशन बिल पर हंगामा, सभी विदेशियों को अपराधी मानने का दे रहा संदेशः कांग्रेस

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल ऐसा संदेश देता है जैसे भारत में आने वाला हर विदेशी संभावित अपराधी है, जिस पर शक किया जाना चाहिए। यह बिल 27 मार्च को लोकसभा में पास हो चुका है। कांग्रेस सांसद ने इसे संसद की स्थायी समिति के पास भेजने की मांग की। उनका कहना था कि यह कानून छोटे अधिकारियों को बहुत ज्यादा ताकत देता है, लेकिन इसमें अपील करने, निगरानी रखने और जवाबदेही तय करने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

### विरोध किया

▶▶ कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 का जोरदार विरोध किया

**बिल पर कांग्रेस का विरोध**

अभिषेक मनु सिंघवी ने इस दौरान कहा, 'यह बिल सरकार के नियंत्रणवादी रवैये को दर्शाता है। यह विदेशियों के लिए डर का माहौल बनाने और उन पर निगरानी रखने का एक जरिया बन जाएगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून मानता है कि विदेशियों के पास भारतीय संविधान के तहत कोई अधिकार नहीं हैं।

### मुठभेड़

पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गयाः सेना

# नियंत्रण रेखा पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

टीम एक्शन इंडिया

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई। एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिये मारे गए। फायरिंग और ब्लास्ट को लेकर सेना ने ये बात की। सेना ने कहा- एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तान सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया।' सेना ने कहा- हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। राजौरी जिले में सुंदरबनी के सिया बदराई इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह इलाका बॉर्डर से सटा हुआ है। जून 2024 में आतंकियों ने यहां पर शिव खोरी से लौट रही बस पर हमला किया था।



### नापाक हरकत

▶▶ सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के समझौते को बनाए रखने की अपील करती है

**कठुआ में 11 दिन में आतंकी-सुरक्षाबल के बीच 3 एनकाउंटर**

बीते 11 दिनों में कठुआ में सुरक्षाबलों की आतंकियों से तीन मुठभेड़ हुई हैं। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। सुरक्षाबलों को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे थे। 28 मार्च दूसरी बार मुठभेड़ हुई। जिसमें 2 आतंकी मारे गए थे। इस दौरान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के 4 जवान तारिक अहमद, जसवंत सिंह, जगबीर सिंह और बलविंदर सिंह शहीद हुए थे।

इनके अलावा डीएसपी धीरज सिंह समेत तीन जवान घायल हुए थे। उनका इलाज जारी है। 31 मार्च की रात कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास तीसरी मुठभेड़ हुई।

## पश्चिमी हिंद महासागर में 2500 किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** पश्चिमी हिंद महासागर में भारतीय नौसेना ने 2,500 किलोग्राम से ज्यादा मादक पदार्थ जब्त किया गया है। भारतीय नौसेना को यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नौसेना के अग्रणी युद्धपोत आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को नौसेना के कुछ जहाजों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मादक पदार्थों को जब्त करने का अभियान शुरू किया गया। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि आसपास के सभी संदिग्ध जहाजों से व्यवस्थित तरीके से पूछताछ करने के बाद आईएनएस तरकश ने पीओआई समुद्री निगरानी विमान और मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों से एक संदिग्ध जहाज को रोका गया।



# देहरादून-नैनीताल में विकास को मिली रफ्तार, केंद्र से 164.67 करोड़ की मंजूरी

## दून में मल्टीलेबल कार पार्किंग, आढ़त बजार निर्माण सहित कई परियोजनाओं के लिए बजट मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः केन्द्र** सरकार ने देहरादून और नैनीताल में विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल एक्सपेंडिचर के तहत 164.67 करोड़ मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में बड़ी परियोजनाओं को लेकर केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया।



केंद्र सरकार की ओर से जिन विकास कार्यों के लिए बजट मंजूर किया गया है। उसमें मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधीन रामजीवाला (मियांवाला) में तालाब और पार्क निर्माण के लिए 828.27 लाख रुपए, डिफेंस कॉलोनी में गौरा देवी पार्क निर्माण के लिए 672.57 लाख रुपए,

**निरंतर**

**उत्तराखंड में बड़ी परियोजनाओं को लेकर केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग मिल रहा है: सीएम धामी**

तहसील चौक पर मल्टीलेबल कार पार्किंग और ऑफिस स्पेश बिल्डिंग के लिए 13441.85 लाख रुपए, ऋषिकेश में मल्टीलेबल कार पार्किंग के लिए 12560.70 लाख रुपए, कारगी चौक के पास आढ़त बाजार निर्माण के लिए 12150.38 लाख रुपए, रायपुर के पास मालदेवता रोड पर जलस्रोत सौंदर्यीकरण के लिए 404.85 लाख रुपए , गढ़ी कैंट में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1215.36 लाख रुपए शामिल है। इसी तरह जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण नैनीताल के अधीन शेर निर्माण के लिए 1241.59 लाख रुपए और नैनीताल शहर के अंदर सड़क और ड्रैनेज कार्य के लिए 621.10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# सौभाग्यशाली ही भगवान की योजना से जुड़ पाते हैं: डॉ. चिन्मय पण्ड्या

**नवयुग**

**गायत्री परिवार के जनक पं. श्रीराम शर्मा ने हम सभी को नवयुग के संविधान के रूप में 18 आदर्श सूत्र दिये हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः देवसंस्कृति** विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि सौभाग्यशाली लोग ही भगवान की योजना से जुड़कर उनके बताये कार्यों में संलग्न हो पाते हैं। जब गिद्ध, गिलहरी से लेकर हनुमान आदि का सौभाग्य जागा, तब वे मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के कार्यों में जुट पाये। मनुष्य का सौभाग्य जब जागृत होता है, तब वह अपने भीतर की पुकार को सुन पाता है। डॉ.




चिन्मय पण्ड्या शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित विशेष सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समय संक्रमण काल से गुजर रहा है। विभिन्न प्रकार की परिस्थितिजन्य स्थिति से लोग जूझ रहे हैं, लेकिन इस परिवर्तनशील दौर में ही हमें अपने सच्चे उद्देश्य और आध्यात्मिक मार्ग को पहचानने की आवश्यकता है। नवरात्रि साधना को डॉ. पंड्या ने नवयुग के निर्माण की पहली सीढ़ी बताया और कहा कि भगवान की योजना से जुड़कर ही व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्य को पूरी तरह से समझ पाता है और उससे संबंधित कार्यों में संलग्न हो पाता है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार के जनक पं. श्रीराम शर्मा ने हम सभी को नवयुग के संविधान के रूप में 18 आदर्श सूत्र दिये हैं।

# चार वर्षों से फरार जमीन धोखाधड़ी का आरोपित राजस्थान

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः रानीपुर** कोतवाली पुलिस ने प्लाट के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने के फरार ईनामी आरोपित को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पहचान छिपाकर यूपी के मथुरा में सब्जी वाला बनकर रह रहा था। जानकारी के मुताबिक रानीपुर कोतवाली निवासी पप्पू सिंह पाटिल पुत्र स्व. बलबीर सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर ने अगस्त 2021 में रानीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपितों सत्यप्रकाश पुत्र भवाना प्रसाद, रजनीश, महिला पत्नी रजनीश, महिला पत्नी सत्यप्रकाश, वासुदेव पुत्र धीर सिंह व कुंवर प्रताप पुत्र वासुदेव निवासीगण कुंज विहार कालोनी दादूपुर गोविन्दपुर हरिद्वार के



विरुद्ध वादी से भूमि विक्रय के नाम पर 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। रानीपुर पुलिस ने नामजद मुख्य आरोपित एवं प्रॉपर्टी डीलर सत्यप्रकाश आदि की काफी तलाश की गयी, लेकिन आरोपित का कोई स्थाई पता न होने एवं लगातार पते बदलने के कारण आरोपित लगातार फरार चल रहा था। आरोपित वर्ष 2021 से लगातार फरार एवं गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच हजार का ईनाम घोषित किया था। आरोपित की तलाश में वर्षों से जुटी पुलिस ने सीआईयू हरिद्वार के सहयोग से मुख्य आरोपित सत्यप्रकाश उर्फ पण्डित को स्टेशन रामगंज मंडी कोटा राजस्थान के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ग्राम नगला डूंगर थाना नारखी जनपद फिरौजाबाद उ.प्र. का स्थाई निवासी है, जो पहचान छिपाकर मथुरा उत्तर प्रदेश में किराए के मकान पर रह सब्जी विक्रेता का काम कर रहा था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि भूमि विक्रय को लेकर धोखाधड़ी कर लिये गये रुपये अपने दामाद एवं नामजद आरोपित रजनीश पुत्र बालाराम निवासी पिछोना भरतपुर राजस्थान को दे दिए थे।

# ट्रक दुर्घटना में चालक की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई टिहरीः चंबा-उत्तरकाशी** मोटर मार्ग पर मांडू गांव सुयाधार के पास बुधवार तड़के सुबह एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभग 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल बौराड़ी लाया गया, वहीं मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। नई टिहरी थाना पुलिस को बुधवार सुबह हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम 108 सेवा के साथ मौके पर पहुंची।पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान चालक विनोद कुमार (30) पुत्र विशन, निवासी ग्राम चिल्लौथ, थाना धरासू, उत्तरकाशी के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में विजय विष्ट (36) पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी झड़ी पानी, चंबा, टिहरी गढ़वाल और संतोष देवी (35) पत्नी शिवम वर्मा, निवासी रुड़की, हरिद्वार शामिल हैं।पुलिस के अनुसार, प्रारम्भिक जांच में दुर्घटना का कारण ट्रक चालक विनोद को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। हालांकि, दुर्घटना के अन्य कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक और घायलों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दीपक मेहता, राकेश रावत, शैलेंद्र चमोली, अनिल नेगी व रंजीत सिंह शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 12 वर्ष से पूरा होने की राह देख रहा जीआईसी चमकोट का भवन

**रुद्रप्रयाग: अगस्त्यमुनि** ब्लॉक के रानीगढ़ पट्टी के डांडाखाल क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज चमकोट विद्यालय के नये भवन का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। यूपी निर्माण निगम भवन निर्माण पर 84 लाख से अधिक खर्च कर चुका है। साथ ही बीते 12 वर्ष से काम बंद पड़ा है, जिस कारण आधा-अधूरा भवन जर्जर होने लगा है। बावजूद शासन, प्रशासन और विभाग की ओर से सुध नहीं ली जा रही है। वर्ष 2006-07 में राजकीय इंटर कॉलेज चमकोट के लिए दो मंजिला नया भवन स्वीकति किया गया था। तब, शासन से भवन निर्माण के लिए 84.05 लाख रुपये जारी करते हुए यूपी निर्माण निगम को कार्य सौंपा गया। कार्यदायी संस्था ने कार्य शुरू किया और वर्ष 2011-12 तक दो मंजिला भवन का ढांचा खड़ा करने में भी पूरा बजट खर्च कर दिया। कार्य पूरा करने के लिए पुन: 77.41 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया, जिसे शासन से स्वीकृति नहीं मिल सकी। वहीं, कार्यदायी संस्था ने बजट के अभाव में कार्य बंद कर दिया। 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन आधा-अधूरा पड़ा है। ऐसे में विद्यालय में चार कमरों के पुराने भवन पर ही कक्षाएं संचालित हो रही हैं। शिक्षक-अभिभावक संघ की अध्यक्ष कमला देवी और विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनीता देवी का कहना है कि विभाग को कई बार अवगत कराने पर भी आधे-अधूरे भवन का कार्य पूरा करने के प्रयास नहीं हो रहे हैं। प्रधानाचार्य भुवनेश भट्ट ने बताया कि जगह के अभाव में शिक्षण व शिक्षणेत्तर गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। इधर, मुख्य शिक्षाधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि विद्यालय के अधूरे भवन का कार्य आरईएस के माध्यम से कराने के लिए प्रयास किए गए थे, पर शासन स्तर पर स्वीकृति नहीं मिल पाई है। पुन: प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

## सरकार... अब तो बना दो सड़क, तोषी गांव के लोगों ने लगाई गुहार

**रुद्रप्रयाग/गुप्तकाशी: केदारनाथ** विधानसभा के सबसे दूरस्थ गांवों में एक तोषी के ग्रामीणों ने सरकार से त्रियुगीनारायण-तोषी मोटर मार्ग का निर्माण जल्द पूरा करने की गुहार लगाई है। सड़क के अभाव में गांव के स्कूली बच्चे और अन्य लोग सात किमी पैदल नाप रहे हैं। वर्ष 2005-06 में तोषी गांव के लिए पांच किमी त्रियुगीनारायण-तोषी मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया था। तब, मार्ग निर्माण के लिए करीब 80 लाख रुपए भी जारी किए गए थे। वनाधिनियम के कारण सड़क 14 वर्ष तक अधर में लटकी रही। वर्ष 2020 में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति के बाद सड़क निर्माण की कार्रवाई शुरू की गई। लोक निर्माण विभाग ने वर्ष 2021 में मार्ग निर्माण की कार्रवाई शुरू की, पर लगभग दो किमी. कटान में बजट खत्म हो गया। बजट के अभाव में निर्माण कार्य ठप हो गया था। एक वर्ष पूर्व विभाग की ओर से पुन: 3.50 किमी सड़क निर्माण के लिए रिवाइज स्टीमेट भेजा गया, जिसकी स्वीकृति के बाद इन दिनों सड़क का कार्य किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, चट्टानी क्षेत्र होने के कारण भूमि कटान में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं, सड़क के अभाव में तोषी के ग्रामीण सात किमी पैदल नाप रहे हैं। निवर्तमान ग्राम प्रधान जगत सिंह पंवार ने बताया कि स्कूली बच्चों को दो तरफा 14 किमी पैदल नापना पड़ रहा है। इन दिनों भालू व गुलदार का भय बना है, जिस कारण परिजन अपने पाल्यों की सुरक्षा को लेकर चितिंत रहते हैं। वहीं, गांव के पैदल मार्ग पर पुलिया के ध्वस्त होने के कारण ग्रामीण चीड़ की बल्ली के सहारे गदेरे को पार कर रहे हैं। उन्होंने केदारनाथ विस की नव निर्वाचित विधायक आशा नौटियाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सड़क निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग की है। विधायक केदारनाथआशा नौटियाल का कहना है किविस में अधूरी सड़कों व फॉरेस्ट एक्ट में लटकी सड़कों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। लंबित मोटर मार्गों का निर्माण प्राथमिकता से कराया जाएगा। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों के साथ भी बैठक की जाएगी। सहायक अधिशासी अभियंता, लोनिवि ऊखीमठ नरेंद्र कुमार ने बताया कि ,त्रियुगीनारायण-तोषी मोटर मार्ग पर शेष 3.50 किमी का कार्य चल रहा है। आगामी जून माह तक कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। चट्टानी क्षेत्र होने के कारण भूमि कटान में दिक्कत आ रही है।

## धामी सरकार ने पार्टी नेताओं को राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा, मुख्यमंत्री बोले- विकास की गति में आएगी तेजी

**देहरादून: धामी** सरकार ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को पार्टी नेताओं को राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा है। इन सभी दायित्व धारियों को राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इससे प्रदेश में विकास की गति तेज होगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण संभव होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में जनहित से जुड़ी योजनाओं और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योग्य एवं अनुभवी महानुभावों को विभिन्न विभागीय दायित्व सौंपे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता को सुशासन और पारदर्शी प्रशासन प्रदान करना है। जिन महानुभावों को दायित्व सौंपे गए हैं, वे अपने अनुभव और कार्यक्षमता के माध्यम से जनसेवा के इस दायित्व को निभाएंगे तथा राज्य की प्रगति में योगदान देंगे। उन्होंने सभी नव-नियुक्त दायित्वधारकों को शुभकामनाएँ दीं और अपेक्षा व्यक्त की कि वे उत्तराखंड के समग्र विकास में अपना योगदान देंगे। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से जनहित में विभिन्न विभागीय दायित्व सौंपे गये हैं। विभागीय दायित्वों से प्रदेश में विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आयेगी और उनके प्रभावी अनुश्रवण में भी मदद मिलेगी। जारी सूची के अनुसार हरक सिंह नेगी जनपद चमोली को उपाध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद, ऐर्श्वया रावत रूद्रप्रयाग को उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग बनाया गया है। गंगा विष्ट जनपद अल्मोडा को उपाध्यक्ष राज्य महिला उद्यमिता परिषद, श्याम अग्रवाल जनपद देहरादून को उपाध्यक्ष उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद बनाया गया है। शांति मेहरा जनपद नैनीताल को उपाध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद, भगवत प्रसाद मकवाना जनपद देहरादून को उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी आयोग, हेमराज विष्ट जनपद पिथौरागढ को उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद, रामचंन्द्र गौड जनपद चमोली को अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण रामसुन्दर नौटियाल जनपद उत्तरकाशी उपाध्यक्ष भागीरथी नदी घाटी प्राधिकरण, सायरा बानो जनपद ऊधम सिंह नगर उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य महिला आयोग बनाया गया है।

# पर्यटकों के लिए नई व्यवस्थाएं लागू



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः कृषि** एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राजकीय उद्यान चौबटिया में पर्यटकों की आवाजाही में आ रही बाधाओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। विभागीय मंत्री ने सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से राजकीय उद्यान के बंद होने की खबर का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपनिदेशक उद्यान चौबटिया को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के तहत उपनिदेशक उद्यान चौबटिया ने अधीक्षक के साथ उद्यान का निरीक्षण किया और पर्यटकों की सुविधाओं को सुचारू करने के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। राजकीय उद्यान चौबटिया में पर्यटकों के लिए नई व्यवस्थाएं लागू राजकीय उद्यान चौबटिया अब प्रतिदिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा। भ्रमण के लिए निर्धारित द्वारों पर इस अवधि में ताले नहीं लगाए जाएंगे। पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रातः 6 बजे से रात्रि 07 बजे तक चौकीदार तैनात रहेगा। अतिरिक्त पार्किंग सुविधा उपनिदेशक, वनस्पति कार्यालय के पास उपलब्ध कराई गई है, जिससे पर्यटक ट्यूलिप गार्डन का आसानी से भ्रमण कर सकें। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिए ट्यूलिप गार्डन तक वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है, ताकि वे भी इस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें। पार्किंग क्षेत्र के पास जन-सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाएगी। गाइडों को निर्देशित किया गया है कि वे पर्यटकों को निर्धारित भ्रमण मार्गों से ही भ्रमण कराएं। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और समय-समय पर उच्च अधिकारियों के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है।

# घनश्याम भट्ट भाजपा रानीखेत के बने जिलाध्यक्ष

**देहरादूनः भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को रानीखेत के जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी है। कई कारणों से यह घोषणा नहीं हुई थी। जिला चुनाव अधिकारी विकास शर्मा की ओर से रानीखेत जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि संगठन पर्व के अंतर्गत जिला रानीखेत में प्रदेश चुनाव अधिकारी खजानदास के अनुमोदन पर व जिला पर्यवेक्षकों की सहमति के पश्चात रानीखेत के घनश्याम को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है।

# नाले में मिला नवजात का शव, जांच में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः जनपद** के भगवानपुर थाना क्षेत्र के मक्खनपुर गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां अल सुबह एक नवजात शिशु का शव गंदे नाले में पड़ा हुआ मिला। नवजात का शव मिलने से मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु के शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस नवजात शिशु के माता-पिता की तलाश करने में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक भगवानपुर थाना क्षेत्र के मक्खनपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक गंदे नाले में नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। नाले में नवजात का शव मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रुड़की के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया गया है कि शव मासूम बच्ची का है।

सिविल अस्पताल के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. भानु प्रताप शाक्य ने बताया कि 108 एंबुलेंस से भगवानपुर से एक नवजात शिशु के शव को लेकर अस्पताल पहुंची, जिसके माता-पिता का भी कोई अता पता नहीं है। उन्होंने बताया कि नवजात का शव कीचड़ में सना हुआ है। शव बच्ची का है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बाद ही नवजात की मौत का पता चल सकेगा।

# विश्व प्रसिद्ध रम्माण के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वरः चमोली** के ज्योतिर्मठ विकास खंड के सलूड़-डुंग्रा गांव में आयोजित होने वाली विश्व धरोहर रम्माण के भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। जिसे लेकर जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने रम्माण के भव्य आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में रम्माण के आयोजन के लिए जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे को आयोजन स्थल को फूलों और लाइट से सजाने के साथ ही दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के




निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए मीडिया का सहयोग लेने के साथ ही यूट्यूबर और अन्य सोशल मीडिया ब्लॉगरों को आमंत्रित करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि चमोली जिले में आयोजित होने वाला रम्माण विश्व धरोहर है। जिसे देखते हुए इसके संरक्षण और प्रचार प्रसार के लिए आयोजन को भव्य स्वरुप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व धरोहर रम्माण को मीडिया और सोशल मीडिया के सहयोग से प्रचारित प्रसारित कर नई पीढ़ी को इस आयोजन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

क्या है रम्माण-चमोली जिले के पैनखंड क्षेत्र के सलूड डुंग्रा में रम्माण का आयोजन प्रतिवर्ष अप्रैल माह में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व किया जाता है। रम्माण अपनी विशिष्ट नाट्य शैली और मुखौटों के लिए अगल पहचान लिए हुए है। जिसे देखते हुए यूनेस्को की ओर से वर्ष 2009 में रम्माण को विश्व धरोहर में शामिल किया गया था। रम्माण जहां स्थानीय लोगों की आस्था को संजोए हुए है, वहीं विश्व धरोहर होने के चलते देश और दुनिया के लोगों के लिए यह आयोजन आकर्षण का केंद्र बना रहता है। उत्तराखंड राज्य के निर्माण के बाद वर्ष 2016 में रम्माण को गणतंत्र दिवस की परेड में भी शामिल किया गया था।

# सीडीओ ने ली एनआरएलएम योजना की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः मुख्य विकास** अधिकारी (सीडीओ) आकांक्षा कोण्डे की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठन द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों का प्रस्तुतीकरण खंड विकास अधिकारियों द्वारा स्वयं किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने भगवानपुर ब्लॉक स्थित सिलाई




केंद्र का पुनर्जीवन भगवानपुर बीडीओ और पीडी डीआरडीए को निष्क्रिय सिलाई केंद्र की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। रुड़की ब्लॉक द्वारा बेल्डा गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाएं द्वारा घर-घर कूड़ा इकट्ठा किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रत्येक ब्लॉक के 10 गांव, पंचायतों में कचरा संग्रह केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य, प्रधानों और सीएलएफ सदस्यों के सहयोग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकासखंड खानपुर में चल रहे रेस्टोरेंट के कार्य को 10 अप्रैल तक पूर्ण करने एवं बैसाखी उत्सव के दौरान एसएचजी संचालित रेस्तरां का उद्घाटन किया जाए। विकासखंड लक्सर में गेंदे के फूलों की खेती कर रही महिलाओं को और अन्य अधिक महिलाओं को जोड़कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। विकासखंड नारसन में मशरूम की खेती का उत्पादन बढ़ाने हेतु प्लांट में एसी लगाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने विकासखंड बहादराबाद में स्थापित बेकरी यूनिट के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बेकरी यूनिट स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित की जाएगी व्यक्तिगत रूप से बेकरी यूनिट का संचालन नहीं किया जाएगा खंड विकास अधिकारी बहादराबाद को जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर निरीक्षण करते रहें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए एवं समस्त खंड विकास अधिकारी ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित थे।

# व्यक्ति के लिए नौकरी में आरक्षण मामले में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

**नैनीतालः हाई कोर्ट ने** 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्ति के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण से संबंधित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार व राज्य लोक सेवा आयोग को विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के साथ दो सप्ताह के भीतर शपथपत्र दायर करने का निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि व्याख्याता के पद के लिए 18 अक्टूबर, 2024 के विज्ञापन के अनुसार चयन प्रक्रिया याचिका के अंतिम परिणाम के अधीन रहेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

# टुरिजम को कैसे बढ़ाया जाए यह सरकार के बस की बात नहीं: भाजपा नेता

प्रैसबार्ता

▶▶ऐतिहासिक वाथू की लड़ी मे विभाग द्वारा पर्ची काट कर पैसे बसूलने पर सरकार को घेरा



टीम एक्शन इंडिया
विजय समयाल

**कांगडा:** जिला कांगडा के पौंग डैम के किनारे स्थित ऐतिहासिक वाथू की लड़ी पर आने बाले पर्यटको से विभाग द्वारा पर्ची काट कर पैसे वसूलने के मामले पर ज्वाली विधानसभा के भाजाप के पुर्व मे रहे प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने ज्वाली मे प्रैसबार्ता कर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक बाथू की लड़ी मे पर्ची काटना लोगो व पर्यटको के साथ मजाक सा बन कर रह गया है । उन्होंने कहा कि टुरिजम को कैसे बढा?ा जाए यह इस सरकार के बस की बात नही है । उन्होंने कहा की सरकार ने कांगडा को टुरिजम कैपिटल के रुप मे विकसित करने की बात कही है । उन्होंने कहा कि मात्र ब्यान देने या विशेष नाम रखने से टुरिजम नही बढता । इस लिए पुख्ता योजनाए बनानी पड़ती है उन्होंने इस के लिए हाल ही मे कुम्भ का उदाहरण दिया है । उन्होंने कहा कि कांगडा मे अनेको शक्ति पिठे है उनका प्रचार करना चाहिए । उन्होंने कहा कि सरकार ऐतिहासिक वाथू की लड़ी मे पर्ची काट कर पैसे बसुलना लोगो से मजाक कर सरकार खुद मजाक का पात्र बन कर रह गयी है ।

संजय गुलेरिया पुर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ज्वाली विधानसभा

अधीशाषी अभियन्ता की पुनः नियुक्ति स्थानीय मंत्री की देन, सरकार को भी घेरा

भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गुलेरिया ने जल शक्ति विभाग मण्डल ज्बाली को सेवानिवृत्त के दौरान पुनः नियुक्ति करने पर स्थानीय मंत्री का हाथ वताया है उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी मे कुछ पक रहा है, दोनो की मिलीभक्ति चल रही है जिस कारण पुनः नियुक्ति के लिए अधिकारी व मंत्री शिमला मे ही डटे रहे और पिछे क्षेत्र मे विकास कार्य प्रभावित होते रहे। बड़े टैंडर को तोड़ कर छोटे छोटे टैंडर कर व्यक्तिगत फायदा पंहुचाने के लिए चेहतो का बांटने का भी लगाया अरोप

भाजपा नेता ने अरोप लगाया है की नगर परिषद ज्वाली मे जितने भी टैंडर हुए है । कानून को दरकिनार करते हुए उस बड़े टैंडर को तोड़ तोड़ कर व्यक्तिगत फायदा पंहुचाने के लिए चेहतो को बांटा गया है । जिसकी शिकायत भी की गयी । इस मामले को लेकर पार्टी के कुछ नेता हाई कोर्ट तक गये है इस लडाई को अब कोर्ट मे लड़ा जाएगा।

# विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर आश केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित

शैक्षणिक भ्रमण

▶▶नर्सिंग कॉलेज मौहल की 40 छात्राओं ने साम्फिया के आश बाल विकास केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू:** चामुंडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉलेज मौहल की 40 छात्राओं ने आज साम्फिया के आश बाल विकास केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर, छात्राओं को ऑटिज्म एवं अन्य दिव्यांगताओं से संबंधित सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान, साम्फिया के निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज एवं ऑक्आयूपेशनल थैरेपिस्ट आर्य एम नें छात्राओं को ऑटिज्म के बारे में जागरूक किया और अपने समुदाय में इस विषय पर अधिक जानकारी फैलाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने समाज में ऑटिज्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इस क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। साम्फिया के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने छात्राओं को आश केंद्र में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं, जैसे फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन की जानकारी दी। उन्होंने साम्फिया द्वारा संचालित 'थैरेपी ऑन व्हील्सइ और समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के बारे में भी बताया, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने चामुंडा कॉलेज के प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में योगदान दिया। चामुंडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं नर्सिंग कॉलेज की उप-प्रधानाचार्य पवना ने कहा कि इस भ्रमण के माध्यम से नर्सिंग छात्राओं को दिव्यांग बच्चों के उपचार एवं देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं।

## न्यूज फ्लैश

### 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 05 अप्रैल को

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन:** सोलन जिला के अर्की स्थित उप- रोजगार कार्यालय में 05 अप्रैल, 2025 को मैसर्ज एसआईएस लिमिटिड, आर.टी.ए. बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के कुल 100 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के शैक्षणिक योग्यता 10वीं और विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेमी, भार 52-92 किलोग्राम व आयु 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. से प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल पर कैंडिडेट लॉग इन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्र व दस्तावेज सहित उप- रोजगार कार्यालय अर्की जिला सोलन में 05 अप्रैल, 2025 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने वाले आवेदक को कोई भी यात्रा भत्ता देय नही होगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नम्बर 01792-227242 तथा मोबाइल नम्बर 70184-72132 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ माकपाचलाएगी जागरूकता अभियान

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादी की सदर लोकल कमेटी की मीटिंग आज ताराचंद भवन में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता रमेश गुलेरिया व संचालन सचिव सुरेश सरवाल ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ आने वाले समय में माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी मंडी सदर में एक जागरूकता अभियान चलाएगी। इसके साथ-साथ बेदखली के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा । सरकार से मांग की जाएगी कि जिनके पास भूमि नहीं है उन्हें 2 विरवा भूमि मकान बनाने के लिए प्रदान की जाए और बेदखली ना की जाए। जिला में बढ़ रहे नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ भी संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया और चिट्टे जैसी नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश सरकार आर्थिक तंगी की बात करती है परंतु ऐसे समय में माननीय के वेतन और भत्ते बढ़ाना कहां तक तर्क संगत है । माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी वेतन भत्तों की बढ़ोतरी का विरोध करती है। प्रदेश में कर्मचारी, बेरोजगारों व महिलाओं को वेतन रोजगार और पैसे देने के लिए नहीं है परंतु अपना मानदेय बढ़ाने के लिए भाजपा और कांग्रेस विधायकों की आर्थिक तंगी का बहाना बना रही है।इसका माकपा कड़े शब्दों में निंदा करती है और इसके खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 28 अप्रैल को मंडी सदर में भी बेदखली के खिलाफ व्यापक आंदोलन और जन रैली आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सदस्य बिना वैद्य, गोपेंद्र, सुनीता, रीना, विनय, दीपक, पोविंदर इत्यादि ने हिस्सा लिया।

### हिमाचल हुनर में गूंजी ऊना की आवाज

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** हिमाचल हुनर सीजन 10 फाइनल मुकाबले में जिला ऊना के दो कलाकारों सूरम सिंह और सुमन ने प्रदेश भर में जिला का नाम रोशन किया है। हिमाचल हुनर सीजन 10 का फाइनल मुकाबला ऑनलाईन हुआ। जिसमें प्रदेशभर के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इसमें जिला ऊना से ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन शिमला के कलाकार सूरम सिंह और सुमन का नाम भी शामिल है। जिन्होंने न केवल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया बल्कि प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेशभर में जिला ऊना का नाम रोशन किया है। बता दें सूरम सिंह मार्च 2024 में राज्य स्तरीय लता मंगेशकर अवॉर्ड के विजेता रह चुके हैं। अब उन्होंने हिमाचल हुनर की लोक गीत प्रतियोगिता में जीत हासिल की। वहीं उनके साथ जिला ऊना से दूसरी प्रतिभागी सुमन सीनियर कैटेगरी में विजेता रही हैं।

# समूहगान व एकल गायन में कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर व माउंट मौर्य स्कूल प्रथम



टीम एक्शन इंडिया
संगराय

**जोगिंद्रनगर :** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर के दूसरे दिन आज स्कूल स्तर की समूह गायन व एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल स्तर की एकल गायन प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पहले तथा दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल जोगिन्दर नगर दूसरे स्थान पर रहा। यह जानकारी देते हुए सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति के संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर आशीष कोड़ा ने बताया कि समूहगायन प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर एवं माउंट मौर्य स्कूल जोगिन्दर नगर संयुक्त तौर पर पहले स्थान पर रहे।

# गौवंश हत्या कांड में मुख्य आरोपी सहित दस लोग गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन:** हिमाचल और उत्तराखंड की सीमा पर गत दिन हुए गोवंश हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हिमाचल और उत्तराखंड पुलिस ने गोवंश हत्या मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग एक समुदाय विशेष से संबंध रखते हैं। जानकारी के मुताबिक पांवटा पुलिस ने दो आरोपियों को मानपुर देवड़ा से गिरफ्तार किया है , जबकि उत्तराखंड पुलिस ने आठ आरोपियों को मास्टरमाइंड समेत सहसपुर से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से जहां गोहत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार बरामद किए हैं , वहीं इसके अलावा



लकड़ी के गुटके , पशु काटने के उपकरण और अन्य सामान भी बरामद किया है। पांवटा साहिब में हिमाचल और उत्तराखंड के पुलिस अधिकारियों द्वारा आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका खुलासा करते हुए कहा कि पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांवटा साहिब में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक सिरमौर एनएस नेगी और पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को हिमाचल - उत्तराखंड की सीमा पर यमुना नदी के किनारे 13 गोवंश की हत्या के अवशेष मिले थे , जिसके चलते पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू कर की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि 31 मार्च को ही दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने एक रणनीति के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में यह भी खुलासा हुआ है कि जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उन पर पहले भी गो हत्या के कई मामले चल हैं। इस गौ हत्या मामले के मुख्य मास्टरमाइंड पर तो पहले भी 11 मामले गौ हत्या के दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर छानबीन शुरू कर दी है। शीघ्र ही को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आपको बता दें कि 31 मार्च को ईद के दिन हिमाचल और उत्तराखंड की सीमा पर पांवटा साहिब के यमुना नदी के किनारे मानपुर देवड़ा के पास गोवंश के कुछ अवशेष मिले थे।

जिसके चलते हिंदू संगठनों ने न केवल रोष प्रदर्शन किया , बल्कि हिमाचल और उत्तराखंड में सडक पर उतरकर चक्का जाम भी कर दिया था। इस मामले में 31 मार्च को देर शाम को पांवटा साहिब के विधायक और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी समेत सैकड़ों हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने पांवटा साहिब में धरना प्रदर्शन किया।

# श्री नयना देवी जी में नोटों से भरा पर्स लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

ईमानदारी

▶▶परमजीत सिंह और अन्य सभी गृह रक्षकों का इस ईमानदारी के लिए आभार प्रकट किया।



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** श्री नयना देवी जी शक्ति पीठ में चल रहे नवरात्रों के दौरान गृह रक्षक प्लाटून कमांडर परमजीत सिंह को नोटों से भरा एक पर्स गिरा हुआ मिला। उन्होंने पर्स को तुरंत अपने कब्जे में लिया। उन्होंने इस बात की सूचना मंदिर नियंत्रण कक्ष से अनाउंस करवाई तथा पर्स के मालिक को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने पर्स उन्हें सौंप दिया। श्रद्धालु विनोद कुमार निवासी बठिंडा ने बताया कि उसे भी इस बारे में पता नहीं चला कि उसका पर्स कहां खो गया है। उन्होंने प्लाटून कमांडर परमजीत सिंह और अन्य सभी गृह रक्षकों का इस ईमानदारी के लिए आभार प्रकट किया।

गौर हो कि इस पर्स में करीब आठ हजार रूपए की नकदी तथा जरूरी दस्तावेज थे।

## दुर्गा शक्ति मंदिर में जागरण 5 को

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना:** गगरेट के दुर्गा शक्ति मंदिर बणे दी हट्टी में नवरात्रों के शुभ अवसर पर देवी भगवती की पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने मंदिर में मां भगवती की आराधना की और फुल्ला वाले बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। फुल्ला वाले बाबा ने बताया कि नवरात्रि उत्सव के अंतर्गत माता भगवती के नौ रूपों की विशेष पूजा, हवन एवं यज्ञ किए जा रहे हैं।

# बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला था: चौहान



टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपना तीसरा बजट पेश कर चुके हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला था। इस दौरान नरेश चौहान ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर 5 साल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे लेकिन प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखों ने बजट सेशन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बजट पेश किया है। यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना सरकार के प्राथमिकता रहा है। नरेश चौहान ने सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के तीसरे बजट को सभी के हित का बजट बताया है। वहीं, इस दौरान प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधा है। नरेश चौहान ने कहा कि जयराम ठाकुर 5 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं लेकिन उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए. उन्होंने कोई कदम उठाए हैं तो जयराम ठाकुर कोस की जानकारी देनी चाहिए. केंद्र में भाजपा की सरकार है सभी सांसद भाजपा के हैं लेकिन केंद्र से प्रदेश को कोई भी मदद दिलाने के लिए भाजपा और नेता प्रतिपक्ष की ओर से कोई प्रयास नहीं किया जा रहे हैं।

संगठन विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी आला नेताओं से बातचीत की है. नरेश चौहान ने कहा कि बजट सत्र को देखते हुए संगठन बनाने के काम में देरी हुई. उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अब जल्द ही प्रदेश में नए संगठन का निर्माण होगा।

# शिक्षा विभाग में मर्ज हो वोकेशनल टीचर : सुमन प्रजापति



टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** प्रदेश में शिमला के चौड़ा मैदान में कंपनियों से निजात दिलाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे आउटसोर्स वोकेशनल टीचर्स के समर्थन में शिक्षाविद सुमन प्रजापति ने अपनी आवाज बुलंद की है। उन्होंने मांग की है कि वोकेशनल टीचर्स को शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए ताकि उन्हें स्थायी रोजगार और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सुमन प्रजापति ने कहा कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल टीचर्स शिक्षा प्रणाली का अहम हिस्सा हैं और उनका योगदान छात्रों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण है। लेकिन उन्हें अभी तक सरकारी शिक्षकों के समान दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इन शिक्षकों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि वे आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त कर सकें। उनका कहना है कि ये शिक्षक शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं और छात्रों को तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी स्थायी नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 2174 वोकेशनल टीचर लबें समय से निजी कंपनियों के माध्यम से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अब उन्हें नियमित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाने की मांग की है।

सवाल उठना लाजमी है कि आखिर! शिक्षा विभाग कंपनियों के माध्यम से वोकेशनल एजुकेशन देने पर क्यों मजबूर है? क्यों शिक्षा विभाग को निजी कंपनियों का सहारा लेना पड़ रहा है? क्या शिक्षा विभाग के पास सीमित संसाधन और आवश्यक बुनियादी ढांचे के अभाव है? जिस कारण शिक्षा विभाग को यह फैसला क्यों लेना पड़ा? क्या शिक्षा विभाग कमजोर हैं जो वोकेशनल एजुकेशन के लिए निजी कंपनियों जैसी बैसाखियों का सहारा लेना पड़ रहा है ।

# पढ़ाई के साथ-साथ नारग स्कूल के छात्रों ने स्कूल की कक्षा में ही उगा दी मशरूम

गतिविधियां

▶▶स्वास्थ्य सेवा विषय में भी बच्चों के विभिन्न शारीरिक टेस्टों की सुविधा भी स्कूल प्रदान कर रहा है




टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन:** पीएम श्री पंडित दुर्गा दत्त राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारग के कृषि व्यावसायिक विषय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के एक कक्ष में मशरूम उगा दी। विद्यालय में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध विद्यालय शिक्षकों और विद्यार्थियों ने 10 बैग मशरूम के लगाए थे। जिसमें बहुत अच्छी मशरूम उगी है। जिसका उपयोग एमडीएम योजना में विद्यार्थियों को भोजन प्रदान करने में किया जा रहा है। बिना किसी रासायनिक खाद और दवाई का इस्तेमाल किए बिना मशरूम उगा कर विद्यार्थी बहुत उत्साहित महसूस कर रहे हैं। ज्ञात रहे इस विद्यालय में पहले भी बच्चों के लिए वोकेशनल शिक्षा के अन्तर्गत महर्षि चरक औषधीय वाटिका , वर्मी कम्पोस्ट यूनिट , ग्रीन हाउस , किचन गार्डन , ओपीडी कक्ष का निर्माण किया गया है ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा सके और बच्चे इसे भविष्य में आजीविका का एक जरिया बना सके। कृषि विषय की अध्यापिका श्रीमती नेहा कौंडल और श्रीमती कृष्णा ( प्रयोगशाला सहायक ) ने बताया कि विद्यालय प्रधानाचार्य रोहित वर्मा जी के सुझाव अनुसार इस वर्ष उनके द्वारा विद्यालय के लिए एक मृदा परीक्षण किट की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है जिसका उपयोग विद्यार्थियों और स्थानीय कृषकों को अपनी मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति और गुणवत्ता का पता लगाने में किया जाएगा। जिससे वे सही मात्रा में खाद और उर्वरक का उपयोग कर सके और अपनी फसल की पैदावार बढ़ा सके। स्वास्थ्य सेवा विषय में भी बच्चों के विभिन्न शारीरिक टेस्टों की सुविधा भी यह स्कूल प्रदान कर रहा है। एसएमसी अध्यक्ष नीरज पंवर और सभी सदस्यों ने विद्यालय की इस पहल और सफल प्रयोग के लिए विद्यालय प्रशासन, विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा हमेशा नवोन्मेष गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करवाया जा रहा है। इस सफल प्रयोग के बाद उत्साहित बच्चे अब बटन मशरूम के बाद ढींगरी और शिटाके मशरूम उगाने की योजना पर अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन अनुसार कार्य कर रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य ने इस शैक्षिक गतिविधि के सफल प्रयोग के लिए नौणी विश्वविद्यालय के माइकॉलजी एवं प्लांट पैथोलॉजी विभाग के वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया।

# एनएच 305 की बदहाली को लेकर रोष प्रदर्शन, सरकार से जल्द मरम्मत की मांग



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू:** नेशनल हाईवे 305 की बदहाल स्थिति को लेकर आज बंजार नगर में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने एक जोरदार रोष प्रदर्शन किया। बंजार नगर में प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई व चक्का जाम भी किया गया। इस रोष प्रदर्शन में घाटी के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। सडकों में गड्ढे, जलभराव और जगह-जगह क्षतिग्रस्त सडक के कारण हो रही दुर्घटनाओं व जनमानस को आवागमन में हो रही परेशानी से आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत व हिमाचल सरकार के अधीन एनएच प्रभाग के रामपुर मंडल के अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता के निलंबन की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि एन एच-305 कुल्लू मुख्यालय व मुख्य राजमार्ग को बंजार घाटी से जोड? वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन कई वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं की गई है। जगह-जगह गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। वहीं स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता कर इस आंदोलन को भरपूर सहयोग देने की बात कही है। विधायक ने कहा है कि इस सडक मार्ग की बदहाली के कारण आज घाटी के प्रमुख व्यवसाय पर्यटन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## संपादकीय

# माता जयंती को समर्पित ध्वज मंदिर

माँ काली व माँ भद्रकाली से पूर्व माँ के जिस स्वरुप का शब्दों के माध्यम से स्मरण किया जाता है,वह नाम है माँ जयंती का और माँ जयंती से ही शुरू होता है माँ का एक सुन्दर मन्त्र-------
*जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी*
*दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।

अर्थात जयंती, मंगला, काली, भद्रकाली, कपालिनी, दुर्गा, क्षमा, शिवा,धात्री,स्वाहा और स्वधा- इन नामों से प्रसिद्ध माँ जगदम्बिके आपको मेरा नमस्कार है। दुर्गा सप्तशती के अर्गलास्तोत्र का यह पहला श्लोक है। इस मन्त्र के बारे कहा गया है,यहां मंत्र सर्व सौभाग्य को प्रदान करने वाला है। इसमें आदि शक्ति मातेश्वरी के 11 नामों का स्मरण होता है, इन्हीं 11 नामों में माँ का प्रथम नाम है जयंती अर्थात 'जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते इति'। सबसे प्रमुख एवं विजयशालिनी सर्व सौभाग्य दायिनी माँ जयंती का भव्य दरबार कहां पर स्थित है इस विषय पर आज हम अपने पाठकों के सम्मुख इस दुर्लभ एवं खोजपरक आलेख के माध्यम से प्रकाश डाल रहे है

माँ जयंती की महिमा अनंत व अगोचर है। जनपद पिथौरागढ़ के आंचल में माता जयंती का भव्य दरबार पवित्र पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। जनपद मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय करने के पश्चात आगे 5 किलोमीटर की दुर्गम चढ़ाई चढ़ने के बाद माँ जयंती के भव्य भवन के दर्शन होते हैं। जिस चोटी पर माता का मन्दिर विराजमान है वह पर्वत शिखर पिथौरागढ़ जनपद की सबसे ऊंची चोटियों में एक है। यहां से चारों ओर पर्वत मालाओं का नजारा बड़ा ही भव्य दिखाई पड़ता है। दूर-दूर तक फैले पर्वतों के शिखर इस चोटी के सामने बहुत ही छोटे प्रतीत होते हैं। समुद्र तल से लगभग 21 सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर को ध्वज मंदिर भी कहते हैं। माँ जयंती को समर्पित इस मंदिर से थोड़ा सा पहले एक अद्भुत गुफा है। इस गुफा में भगवान शंकर एक भव्य अलौकिक स्वरूप में पिंडी के रूप में विराजमान है जिन्हें खण्डे नाथ के नाम से पुकारा जाता है। शिव और शक्ति की यह पावन भूमि युगों- युगों से पूजनीय है। स्कंद पुराण के मानस खण्ड में यहाँ का सुन्दर वर्णन मिलता है। इस स्थान की महिमा के बारे में जब ऋषियों ने व्यास जी से पूछा 'ध्वजपर्वत' की स्थिति, तीर्थस्थान, नदियों का उद्गम एवं वहां स्थित शिवलिङ्गों के माहात्म्य का वर्णन करें। ध्वज पर्वत कहाँ पर स्थित है ? उस पर आरुढ़ होने का क्या फल है ? वहाँ किन देवों की पूजा होती है ऋषियों के इस प्रश्न पर व्यासजी ने उत्तर दिया–मुनिवरों! 'रामगङ्गा' के बांई ओर 'पावन' पर्वत है। उसके दक्षिण में 'ध्वज' पर्वत है। उसका शिखर उन्नत है । अनेक धातुओं और औषधियों से वह प्रदीप्त है। सिद्ध, विद्याधर, यक्ष आदि के परिवारों से वह पर्वत वेष्टित है। दिव्य धातुओं की इसमें सहस्त्रशः खानें हैं। 'हिमालय' को नमस्कार करता हुआ यह 'ध्वजा' की तरह स्थित है। 'श्यामा' (काली नदी) के तीरवासी सिद्धों और चित्रसेनादि गन्धर्वों से यह सेवित है। इस पर्वत पर विशेषतः सिद्धों एवं विद्याधर-गणों का वास है। यहाँ 'चतुर्दशी के दिन आरूढ़ होने पर कामनायें पूर्ण होती हैं। पूर्णिमा के दिन जागरण करने से आठों सिद्धियाँ प्राप्त की जाती हैं।

# कर्म की सक्रिय व संयमित धारा यमुना

अशोक प्रवृद्ध

> "विदग्धा, विवृद्धा, महाकुला। अर्थात- देह में वितस्ता वह नाड़ी है, जो देह में दाह अर्थात ताप को धारण करती है, वह बहुत व्यापक और त्वचा भर में व्याप्त है। आजीर्कीया का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- ऋजूकप्रभवा वा, ऋजुगामिनी वा। अर्थात- ऋजूक से उत्पन्न, वा ऋजु जाने वाली, मस्तक में विशेष स्थान ऋजूकहै। उससे निकली नाड़ी वितस्ता है।विपाट् का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- विपाटनाद्वा, विपाशनाद्वा, पाशा अस्यां व्यापाश्यन्त वसिष्ठस्य मूमूर्च्छतस्तस्माद् विपाट् उच्यते। अर्थात- विपाट् वह नाड़ी है जहां विपाटन होता है, जिस के फटने पर प्राण देह को त्याग देते हैं और आत्मा देह से पृथक हो जाता है, उसी का प्राचीन नाम उरुंजिरा है। सुषोमा उत्तम प्रेरणा वाली अथवा उत्तम वीर्य वाली वीर्यवहा नाड़ीअथवा जो अंगों में शक्ति प्रदान करे"

**भारत में** प्रकृति के विभिन्न रूपों के पूजन की वृहत परंपरा रही है। यहां नदियों को भी माता कहकर देवी की भांति पूजा जाता है। उनकी जयंती मनाई जाती है। चैत्र मास की शुक्लपक्ष की षष्ठी तिथि को यमुना का अवतरण इस भूमि पर होने की मान्यता होने के कारण इस दिन को यमुना जयंती के नाम से जाना जाता है। और इस दिन यमुना का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसे यमुना छठ भी कहा जाता है। चैत्र की सूर्य षष्ठी का पहला अर्घ्य भी इस दिन सायं काल में अस्ताचलगामी सूर्य को दी जाती है। इस दिन यमुना स्नान, यौगिक क्रिया, यमुना पूजन, यमुनार्चना, यमुना आरती, दीपदान आदि का विशेष महत्व माना जाता है।

वैदिक मतानुसार पृथ्वी पृष्ठ पर भिन्न-भिन्न रूप और गति से बहनेवाली नदियां मानव को लाभ पहुंचानेवाली हैं, उनसे लाभ होना चाहिए। वेदों में गंगा,यमुना, सरस्वती का उल्लेख अनेक स्थानों पर हुआ है, लेकिन इसे सिर्फ एक भौगोलिक नदी तक सीमित कर देखना ठीक नहीं, बल्कि इसकी व्यापकता और यौगिक अर्थों को समझने, जानने की आवश्यकता है। वेद और वैदिक साहित्य में गंगा, यमुना, सरस्वती और अन्य नदियों का उल्लेख प्रतीकात्मक रूप से हुआ है। यह नाम केवल भौगोलिक नदियों के संकेतक नहीं है, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक अर्थ लिए हुए हैं।वेद में नदियों को मानव चेतना, शरीर और आत्मा के परिष्करण की धारा के रूप में प्रस्तुत किया गया है।ऋग्वेद में एक ही स्थान पर पृथ्वी पर बहने वाली दस नदियों का वर्णन शरीर में अवस्थित दस नाड़ियों के संदर्भ में किया गया है-
इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या ।
असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयाजीर्कीये शृणुह्या सुषोमया ।।
-ऋग्वेद 10/75/5
अर्थात -हे गंगे, यमुने, सरस्वति, शुतुद्रि, परुष्ण, मरुद्वृधे, वितस्ता, असिक्नी और सुषोमा इनके साथ विद्यमान हे आजीर्कीये! तू हमारे इस स्तुतियोग्य वचन को श्रवण कर।
इस मंत्र में गंगा आदि देहगत दस नाड़ियों का वर्णन है,उनका विशेष वर्णन है। इसमें आत्मा रूप नदी सिन्धु का वर्णन है।लोक में गंगा, यमुना, सरस्वती, परुष्णी, मरुद्वृधा, शुतुद्री, वितस्ता, असिक्नी,



सुसोमा और आर्जिकीया ये सब नाम नदियों के प्रसिद्ध हैं। वेद में इन शब्दों का मुख्यार्थ नदियों के प्रति संगत न होने से ये शब्द नदीवाचक नहीं हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से ये दस विशेष नाड़ियां हैं। उन नाड़ियों में व्याप्त आत्मशक्ति भी उसी -उसी नाम से पुकारी जाती है। इसे बृहदारण्यक में आत्मा कहकर अंकित इस वचन से भी समझ जा सकता है-
शुण्वन् श्रोत्रं भवत्ति मनो मन्वानो वाग वदन् इत्यादि।
संगीतविषये केरललिप्यां हस्तलिखितपुस्तक में कहा गया है-
इड़ा च पिङ्गलाख्या च सुषुम्ना चास्थिजिह्विका । अलम्बुसा यथा पूषा गान्धारी शङ्खिनी कुहूः देहमध्यगता एता मुख्याः स्युर्दश नाडयः।।
गंगा इड़ा नाड़ी है, वह आत्मा को ज्ञान प्राप्त कराती है, यमुना पिंगला है, जो देह के समस्त अंगों को सुव्यवस्थित करती और संयम में रखती है। सरस्वती सुषुम्ना, उसमें प्रशस्त ज्ञान-सुख का उद्भव होता है, परुष्णी का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा गया है- पर्ववती, भास्वती, कुटिलगामिनी। अर्थात- जो प्रतिपर्व पीठ के मोहरों में से नीचे तक गई है, वह वर्ण में चमकीली कुटिल मार्ग में गई है।
असिक्नी का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- अशुक्ला, असिता सितमिति वर्गनाम तत्प्रतिषेधः। अर्थात- जो शुक्ल अर्थात चमकीली नहीं, उसमें जो रस बहता है उसका कोई रंग नहीं है। मरुद्वृधा का अर्थ करते हुए निरुक्त कहता है- सर्वा नद्यो मरुतः एनां वर्धयन्ति। अर्थात- जो और नाड़ियां है वे उसको बढ़ाती हैं, नाड़ी का वह अंश जहां अन्य सब मिल कर एक हो जाती हैं। अथवा मरुत, देह के प्राण उसको और वह प्राणों को पुष्ट करते हैं। शुतुद्रीका अर्थ करते हुए निरुक्तकार कहता है- शुद्राविणी, क्षिप्रद्राविणी, आशुतुन्ना इव द्रवति। अर्थात- जो वेग से गति करती, भरी-भरी चलती है।
वितस्ताका अर्थ निरुक्त इस प्रकार करता है- विदग्धा, विवृद्धा, महाकुला। अर्थात- देह में वितस्ता वह नाड़ी है, जो देह में दाह अर्थात ताप को धारण करती है, वह बहुत व्यापक और त्वचा भर में व्याप्त है। आजीर्कीया का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- ऋजूकप्रभवा वा, ऋजुगामिनी वा। अर्थात- ऋजूक से उत्पन्न, वा ऋजु जाने वाली, मस्तक में विशेष स्थान ऋजूकहै। उससे निकली नाड़ी वितस्ता है।विपाट् का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- विपाटनाद्वा, विपाशनाद्वा, पाशा अस्यां व्यापाश्यन्त वसिष्ठस्य मूमूर्च्छतस्तस्माद् विपाट् उच्यते। अर्थात- विपाट् वह नाड़ी है जहां विपाटन होता है, जिस के फटने पर प्राण देह को त्याग देते हैं और आत्मा देह से पृथक हो जाता है, उसी का प्राचीन नाम उरुंजिरा है। सुषोमा उत्तम प्रेरणा वाली अथवा उत्तम वीर्य वाली वीर्यवहा नाड़ीअथवा जो अंगों में शक्ति प्रदान करे। सिन्धु का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- सिन्धुः यदेनामभिप्रसुवन्ति नद्यः । सिन्धुः स्यन्दनात। अर्थात- सब नदियां जैसे सिन्धु में आती हैं, ऐसे समस्त प्राण जिसमें आकर लय हो जाते हैं वह आत्मा ही सिन्धु है। वह एक शरीर से दूसरे शरीर में, एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाते हुए महानद के समान जाता है। इसलिए सिन्धु कहाता है। देह ही देश के तुल्य क्षेत्रकहाता है। -सा मे आत्माभूत इति सोमः। सोम मेरा अपना ही आत्मा है ऐसा ब्राह्मणप्रोक्त निर्वचन है, इससे सुषोमा स्वयं आत्मा रूप नदी है। आत्मा का नदीरूप से वर्णन करते हुए महाभारत में कहा गया है- आत्मा नदी संयम-पुण्यतीर्था, सत्योदका, शीलतटा दयोर्मिः। इत्यादि भिन्न- भिन्न स्थिति में यहां इन नामों से आत्मा को ही सम्बोधन किया गया है। ऋग्वेद 10/75/5 के मंत्रमें गंगे यमुने सरस्वतिइन तीन सम्बोधन शब्दों से गति, संयम व ज्ञानका प्रतिपादन है। गंगा शब्द गम्से और यमुना शब्द यम्से बना है। गंगा, अर्थात गति, क्रियाशीलता। अपनी तीव्र गति के कारण ही गंगा नदी का जल पवित्र है, क्रियाशीलता हमें भी पवित्र बनाती है। हमारे शरीर सदा क्रियाशील हों, तो मन संयम की भावना से ओत-प्रोत हो । यमुना, अर्थात यमन, संयम। हम मन को निरुद्ध करनेवाले हों। सरस्वती तो ज्ञान कीअधिष्ठात्री है ही। हमारा मस्तिष्क ज्ञानान्वित हो।वस्तुतः मंत्र में क्रियाशीलता, संयम, ज्ञान, वासना-विद्रावण, शुभ भावनाओं का पूरण, विषयों से अबद्धता, प्राणशक्ति, रोग व राग-द्वेषादि अशुभः क्षय, स्वस्थता व सबलता और विनीतता आदि से युक्त बनने के लिए परमात्मा से स्तुति की गई है। इस प्रकार स्पष्ट है कि गंगा पवित्रता और चेतन की उर्ध्वगामीधाराहै। गंगा शब्द का यौगिक अर्थ है-गम् + गम्यते अर्थात जो गमन शील है,जो ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। आध्यात्मिक दृष्टि से गंगा का संबंध इड़ा नाड़ी से है। योग शास्त्र में यह नाड़ी चंद्र ऊर्जा का प्रतीक है, जो शीतल, शांत और पवित्र चेतन की धारा है। यह नाड़ी शरीर के बाई ओर प्रवाहित होती है और मानसिक स्थिरता एवं पवित्रता को बढ़ाती है।गंगा के गूढ़ तात्पर्यहैं -चेतना की शुद्धि। गंगा पवित्र जल की तरह मन और आत्मा की अशुद्धियों को दूर करती है।प्रकाश मय विचारलाती है। गंगा का प्रवाह सतोगुण का प्रतीक है। यह साधक को पवित्र चिंतन और आत्मिक शांति की ओर ले जाती है।यमुना शब्द का अर्थ हैं यम+ऊना अर्थात नियंत्रित प्रवाह।यह कर्म और ऊर्जा का प्रतीक है। आध्यात्मिक अर्थ में यमुना का संबंध पिंगला नाड़ी से है। यह सूर्य ऊर्जा का प्रतीक है, जो शरीर के दाहिने भाग में प्रवाहित होती है।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

**संजीव**
---------

# एचकेआरएनएल कर्मचारियों की अनदेखी

**प्रियंका सौरभ**

**हरियाणा** कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह कर्मचारी मेरिट के आधार पर भर्ती तो होते हैं, लेकिन इन्हें न तो उचित वेतन मिलता है और न ही नौकरी की सुरक्षा। सरकार इन्हें एक अस्थायी समाधान के रूप में इस्तेमाल कर रही है, लेकिन इनके अधिकारों की कोई परवाह नहीं की जा रही। एचकेआरएनएल के तहत काम कर रहे कर्मचारी सरकार के लिए सिर्फ एक "अस्थायी समाधान" बनकर रह गए हैं। सरकार इनका उपयोग कर वाहवाही तो बटोर रही है, लेकिन इन्हें स्थायी नौकरी देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। जब सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने की बात होती है, तो इन्हीं कर्मचारियों को दिखाकर सरकार आंकड़े चमकाने में लगी रहती है। हाल ही में सरकार ने एक ऐसा फरमान जारी किया है, जिससे एचकेआरएनएल कर्मचारियों की नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है। सरकार न केवल इन कर्मचारियों को नियमित करने से कतरा रही है, बल्कि अब उन्हें हटाने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। यह निर्णय हजारों परिवारों को बेरोजगारी की ओर धकेल सकता है। सरकार ने पहले 58 साल तक सुरक्षा की गारंटी दी थी, लेकिन जनवरी माह में विभिन्न विभागों में कार्यरत सैकड़ों एचकेआरएनएल कर्मचारियों को हटा दिया गया। जब हटाए गए कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया, तब भी सरकार ने उनकी एक न सुनी। अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को ईद के पवित्र त्योहार पर बड़ा झटका देते हुए नौकरी से हटा दिया गया। पंचकूला मुख्यालय के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने इन कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत सैकड़ों सरप्लस शिक्षकों को भी हटाने का निर्णय लिया है। यह फैसला न केवल शिक्षकों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि शिक्षा प्रणाली पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। शिक्षक लंबे समय से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए समर्पित थे, लेकिन अब उनकी नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है।एचकेआरएनएल के कर्मचारी नियमित सरकारी कर्मचारियों की तरह ही कार्य करते हैं, लेकिन इन्हें मात्र एक तिहाई वेतन मिलता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक रूप से इन कर्मचारियों को कमजोर बना रही है, बल्कि उनके मनोबल को भी गिरा रही है। कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने की समस्या लगातार बनी हुई है। कई बार महीनों तक वेतन अटका रहता है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना करने को मजबूर होते हैं। नियमित कर्मचारियों की तुलना में इन कर्मचारियों से अधिक कार्य लिया जाता है, लेकिन उन्हें कोई स्थायित्व नहीं दिया जाता।

## विचार

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी पांव प्रसार रही है ब्लडप्रेशर की बीमारी

सुभाष आनंद

वर्तमान समय में तेजी से बदलते रहन-सहन और खानपान के चलते लोगों का ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है। खाने पीने के शौकीन लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या लगातार बढ़ रही है, उच्च रक्तचाप के कारण दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ता जा रहा है और अकाल मृत्यु की घटनाएं बढ़ रही है।पहले शहरी अमीरों की बीमारी समझा जाने वाला ब्लड प्रेशर का रोग अब ग्रामीणों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। देश भर में जवान लोगों की बढ़ती मृत्यु की घटनाओं में जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है उससे चिंताएं बढ़ रही है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट दिल्ली के मेडिसन विभाग के डॉक्टरों का एक मत से कहना है कि मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और ना ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है,जिससे भविष्य में लोगों के हृदय रोग के शिकार होने की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे के अनुसार पंजाब में 45 से 60 वर्ष की आयु में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक पाई जाती थी लेकिन अब कुछ वर्षों से जवान लोगों को भी उच्च रक्तचाप की समस्या से घिरे हुए देखा गया है। लॉगगिट यूडिट एजिग स्टडी ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित शोध पर आई एम ई (एस) ने पुनः शोध किया और दोबारा उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या पर चिंता प्रकट की है। उन्होंने बताया कि पंजाब में 60 फीसदी से ज्यादा लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि अनियमित लाइफस्टाइल इसका मुख्य कारण है,इसके साथ और भी कई कारण है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है जैसे शराब का सेवन ,घी-तेल ,तले भुने खाने का अधिक सेवन ,फास्ट फूड का प्रयोग ,खेती में स्प्रे का बढ़ता चलन इत्यादि। पिछले कुछ दिनों में 45 वर्ष की उम्र वालों में हाई ब्लड प्रेशर सबसे ज्यादा बढ़ा है। 40 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप से पहले वाले लक्षण मौजूद होते हैं, इसी कारण दिल के दौरे और स्ट्रोक होने का लोगों में ज्यादा खतरा है। पूरे भारत में स्थिति बहुत गंभीर होती जा रही है। देश भर में खान-पान ठीक ना होने के कारण उच्च रक्तचाप के रोगियों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में उच्च रक्तचाप की समस्या ज्यादा पाई जाती है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट नई दिल्ली के डिपार्टमेंट आफ कम्युनिटी मेडिसन एवं स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ में तैनात डॉक्टरों की टीम का कहना है कि 15 से 49 वर्ष के आयु वर्ग में पुरुष उच्च रक्तचाप का प्रसार बराबर आयु की महिलाओं की तुलना में अधिक है। उन्होंने बताया कि 45 प्रतिशत भारतीय वयस्क उच्च रक्तचाप से ग्रस्त मिले जबकि 30 फीसदी को निदान और नियंत्रण के अभाव से उच्च रक्तचाप था। उच्च रक्तचाप से पीड़ित युवा और उम्रदराज आबादी दोनों के साथ हमारे सामने एक बड़ा स्वास्थ्य संकट मौजूद है। शोध में पाया गया है कि 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का वजन कम है। ऐसे में देखा जाए तो अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी पड़ेगी ,बदलते मौसम में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है, लोगों को फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए और सुबह शाम लंबी सैर की आदत डालना जरूरी है ,यदि आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए और नियमित दवाई का सेवन करना भी चाहिए। उच्च रक्तचाप के कारणों पर नजर डाली जाए तो साफ स्पष्ट है कि लोगों ने मेहनत वाला काम करना छोड़ दिया है , महिलाएं भी अब घरों के काम में रुचि नहीं लेती। पहले कपड़े धोने, पानी भरने जैसे मेहनत वाले काम महिलाएं किया करती थी जिससे उनका पर्याप्त व्यायाम हो जाता था। पुरुष भी काम पर पैदल या साइकिल से जाया करते थे।यह काम अब कम होने लगे हैं। लोगों में शराब की लत पहले से ज्यादा बढ़ रही है । पहले लोग दूध ,लस्सी, मक्खन खाया करते थे लेकिन अब यह गांव में भी लुप्त होता जा रहा है, अब यह बीमारी घर घर में दस्तक दे रही है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# व्रतधारियों पर मिलावट का कहर

**निर्मल रानी**

**उत्तराखंड** की राजधानी देहरादून में कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण 100 से अधिक लोग 'फूड पॉइजनिंग' का शिकार हो गये। नवरात्रि के व्रत रखने वाले इन व्रत धारियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिस समय राजधानी देहरादून में यह विषाक्त आटा बेचा जा रहा था और लोग इसे खरीद रहे थे ठीक उसी समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून,हरिद्वार,उधम सिंह नगर व नैनीताल जिलों में अनेक शहरों व कस्बों के प्राचीन नाम बदलने में व्यस्त थे। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि ईद के दिन जब मुसलमानों को कोई 'सौगात ' दिया जाना चाहिये था ठीक उसी दिन मुख्यमंत्री धामी मुगल काल या ब्रिटिशकाल में रखे गये या उर्दू फारसी भाषा के नामों को बदलकर अपने 'संस्कारित दूरगामी एजेंडे ' को लागू कर रहे थे और उसी समय बड़े गर्व से नाम बदलने की अपनी इस कवायद को जनभावनाओं के मद्देनजर और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप बता रहे थे। धामी ने खान पुर,मुहम्मदपुर व नवाबी रोड जैसे नामों को भी बदल डाला। बहरहाल,कथित तौर पर जिन लोगों की भावनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी नाम बदल रहे थे उसी समय वही उत्तराखंड निवासी देहरादून में सरे आम बिक रहा जहरीला कुट्टू का आटा खाने के लिये मजबूर थे। साफ है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करना नहीं बल्कि नफरती एजेंडे को लागू करना था। इसी तरह हरियाणा के यमुनानगर,सढौरा व आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोग कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण बीमार पड़ गये। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम भी ईद के पहले उस समय सुर्खियों में आया जब उन्होंने ईद की छुट्टी को राजपत्रित अवकाश की सूची से हटाकर इसे प्रतिबंधित अवकाश के रूप में घोषित कर दिया। बहाना था वित्त वर्ष 2024-25 के समापन का समय ईद के दिन यानी 31 मार्च को पड़ना। उत्तराखंड की ही तरह हरियाणा में भी नवरात्रों जैसे पवित्र पर्व के दौरान धड़ल्ले से कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा बिक रहा था।

# सरकारी दफ्तर की चाय

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सुबह** के नौ बजते ही सरकारी दफ्तर की सीढ़ियाँ चढ़ने वाले कर्मयोगियों का मेला लग जाता। पर असली खेल तो दस बजे शुरू होता, जब बाबूओं की आँखें चाय की तलाश में दरवाजे से बाहर झाँकने लगतीं। सरकारी चाय भी किसी प्रेमिका से कम न थी–आधी उम्र बीत जाती थी उसे हासिल करने में, और जब मिलती थी तो इतनी फीकी कि पीने से अच्छा आदमी अपने आँसू चाट ले। दफ्तर में रामलाल बाबू सबसे अनुभवी थे। चाय के कप को पकड़ते ही ऐसा चेहरा बना लेते जैसे खुद ब्रिटिश महारानी ने उन्हें गोल्डन कप सौंपा हो। पहला घूँट लेते ही ललकारते, "क्या, इसमें चीनी डालना भूल गए या गन्ना किसानों से दुश्मनी हो गई?" इस पर चपरासी सुखलाल मुस्कराता और कहता, "बाबू जी, यह सरकारी चाय है, इसमें केवल उम्मीदें घुलती हैं, चीनी नहीं!" काम का आलम ऐसा था कि कागज के पहाड़ वैसे ही जमा रहते जैसे पुरानी हवेली में धूल। टेबल पर रखी फाइलें ऐसी जमतीं कि उन्हें देखकर पुरातत्त्व विभाग वाले भी भ्रमित हो जाते कि ये सरकारी दस्तावेज हैं या सिंधु घाटी सभ्यता की धरोहर। ऊपर से अफसर आते तो बाबू ऐसे ऐक्टिंग करते मानो फाइलों से अभी-अभी करके बाहर निकले हों। और अफसर भी अनुभवी थे, मुस्कराकर कहते, "अच्छा-अच्छा, बहुत व्यस्त हो, लेकिन यह बताओ कि आज के नाश्ते का क्या इंतजाम है?" रामलाल बाबू का असली हुनर तब दिखता जब वे फाइलों को घुमाने की कला में लगते। किसी भी अजी पर पेन चला देते, "अभी प्रक्रिया में है," और अगर मामला ज्यादा गंभीर होता तो लिख देते, "संबंधित विभाग से संपर्क करें।" किसी ने पूछा, "बाबूजी, संबंधित विभाग कौन-सा?" तो वे हल्की मुस्कान के साथ जवाब देते, "वही, जिससे जवाब मिलने में ज़िंदगी बीत जाए!" लंच टाइम आते-आते चाय की दूसरी खेप की तैयारी होती। सुखलाल फिर से चाय के गिलास लेकर हाज़िर होता। इस बार उसमें थोड़ी और कलाकारी होती। मतलब, चाय पहले से भी ज्यादा पानीदार। बाबूजी चाय को घूरते हुए कहते, "ये चाय है या हमारे दफ्तर के बजट का हाल?

# युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार कृत संकल्प: गौतम

## बसताड़ा खेल स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण, स्टेडियम में अव्यवस्था को देखकर खेल अधिकारी पर भड़के

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने बुधवार को चंडीगढ़ से समालखा जाते समय बसताड़ा गांव स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और स्टेडियम की खस्ता हालत को देखकर जिला खेल अधिकारी पर भडक गए। उन्होंने कहा कि आगामी दो महीने में स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरव गौतम ने निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कृत-



संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित खेल स्टेडियमों में भी खिलाडि?ों के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है, ताकि युवाओं को गांव स्तर पर ही अच्छी खेल सुविधा मिले और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रह सकें।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार की नई खेल नीति खेलों को बढ़ावा देने के लिए कारगर साबित होगी और प्रदेश के युवा खेलों के क्षेत्र में पदक हासिल

**सख्त कार्रवाई**

**▶▶ आगामी दो महीने में स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी**

करके देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल स्टेडियम में व्यवस्था को लेकर लापरवाह कोच व खेल अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।
मंत्री ने मीडिया के सवाल के जवाब में बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम बसताड़ा की कुल मिलाकर काफी खस्ता हालत है। इसको लेकर खेल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे आगामी दो माह में खेल स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त करेंगे। यहां पर खिलाड़ियों के लिए अच्छा ग्राउंड तैयार करेंगे तथा कोच की भी तैनाती की जाएगी। यहां पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्टेडियम में बने हॉल के खिडकी, दरवाजे, सफेदी करवाई जाए।
उन्होंने कहा कि स्टेडियम को कार्यालयों में बैठकर नहीं बल्कि ग्राउंड में आकर व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें और इस कार्य में ग्राम पंचायत का भी सहयोग लिया जाए, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करते समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# बाइक पर आए दो युवकों ने कोर्ट के बाहर बदमाश और वकील को मारी गोलियां

**वारदात**

**▶▶ दोनों रेहड़ी पर खा रहे थे फ्रूट चाट पानीपत से करनाल आया था एडवोकेट साथ ही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला कोर्ट के बाहर बदमाश और वकील को गोलियां मार दी गईं। दोनों कोर्ट के बाहर रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए और उन्होंने 5 से 6 राउंड फायरिंग की। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल बदमाश हैप्पी घरौंडा का रहने वाला है। उसके खिलाफ 4 केस दर्ज हैं, जिनमें वह जेल काट चुका है। वह एक केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वहीं घायल वकील गुरविंद्र पानीपत का रहने वाला है। वह करनाल में वकील से मिलने आया



था। घटना बुधवार दोपहर को डेढ़ बजे करनाल के सेक्टर-12 स्थित कोर्ट के बाहर सामने आई। जानकारी के अनुसार हैप्पी घरौंडा थाने में दर्ज मारपीट के केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वह कोर्ट में पेशी के बाद वकील विक्रम के चैंबर में आया। इसके बाद हैप्पी दोस्तों के साथ कोर्ट के बाहर एक रेहड़ी पर फ्रूट चाट खाने चला गया। उसी के पास पानीपत के वकील गुरविंद्र खड़े थे। वह भी रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे। इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि बाइक चला रहे युवक ने मुंह पर सफेद रंग का कपड़ा ढका हुआ था। उन्होंने बाइक रोकने के बाद हैप्पी पर निशाना लगाया और 4 से 6 राउंड फायर किए। इसके बाद वह फरार हो गए। हैप्पी की टांग व पेट में और गुरविंद्र को पेट में गोली लगी। दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में दोनों को अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है

# फर्जी दस्तावेजों से ली जमानत, जनरल की जमीन गिरवी रखी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमानत लेने और मेजर जनरल की जमीन गिरवी रखने का बड़ा मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने पुलिस और अदालत में शिकायत दी कि उनकी जानकारी के बिना उनकी जमीन को जमानत के लिए इस्तेमाल किया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सेशन कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और जालसाजी की कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।
सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी करनाल के अल्फा इंटरनेशनल सिटी में रहते हैं। उन्होंने कोर्ट को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च 2022 को दर्ज एफआईआर नंबर 139, एनडीपीएस केस नंबर 106/2022 के तहत एक आरोपी

**फर्जीवाड़ा**

**▶▶ अदालत में शिकायत दी कि उनकी जानकारी के बिना जमीन को जमानत के लिए इस्तेमाल किया**

शत्रुघ्न डांगी पुत्र सहदेव महतो को जमानत देने के लिए उनकी जमीन के जाली कागजात बनाए गए। उन्होंने बताया कि जब वह अपनी जमीन के रिकॉर्ड (जमाबंदी) की जांच कर रहे थे तो पाया कि उनकी जमीन को कोर्ट में जमानत के लिए गिरवी रखा गया था। यह कागजात किसी जोगेश नामक व्यक्ति ने आधार नंबर के आधार पर फर्जी तरीके से तैयार किए थे। मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने साफ किया कि उन्होंने कभी किसी व्यक्ति के लिए जमानत नहीं दी और न ही शत्रुघ्न डांगी या जोगेश नामक व्यक्ति को जानते हैं।

# सरपंच ने माई 11 सर्किल ऐप पर टीम बनाकर जीते 3 करोड़


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में सरपंच ने माई 11 सर्किल ऐप पर आइपीएल मैच में टीम बनाकर 3 करोड़ और थार जीती है। शेखपुरा सुहाना गांव के सरपंच विक्रम गरीब परिवार से आते हैं। पहले भी वह ऑनलाइन गेम खेलकर छोटी-मोटी रकम जीत चुके हैं। इतनी बड़ी राशि जीतने के बाद विक्रम के परिवार में खुशी का माहौल है। आस पडोस के लोग और रिश्तेदार उन्हें घर पर बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। विक्रम ने बताया कि मैं 2019 से ऑनलाइन गेम खेल रहा हूं। इससे पहले भी साल 2021 में 2.70 लाख रुपए जीते थे। आइपीएल में 1 अप्रैल को हुए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर

**जश्न**

**▶▶ छोटी-मोटी रकम जीत चुके हैं। राशि जीतने के बाद विक्रम के परिवार में खुशी का माहौल है**

जायन्ट्स के मैच में अपनी 49 रुपए में टीम बनाई थी। इसमें मुझे रैंक-1 मिली। इसमें मुझे 3 करोड़ और महिंद्रा थार मिली है। इसके अलावा ड्रीम-11 ऐप से भी 2 लाख रुपए मिले हैं। विक्रम ने ऑनलाइन गेम खेलने वालों को सलाह दी कि इसे सिर्फ खेल की तरह ही खेलें और इसकी लत न लगाएं। मैंने रिस्क लेकर टीम बनाई थी, इसलिए जीता,



लेकिन यह हर बार नहीं होता। विक्रम ने आगे कहा-जीती हुई रकम का क्या करना है, इस पर कोई फैसला नहीं लिया है, लेकिन 3 करोड़ रुपए पर करीब 30 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा, जो लगभग 90 लाख रुपए होगा।
विक्रम की पत्नी रेखा ने बताया कि जब मुझे यह खबर मिली तो मैं हैरान रह गई। कभी सोचा भी नहीं था कि हम करोड़पति बन जाएंगे। जब नाम आया तो यकीन ही नहीं हुआ। खुशी कैसे बयां करूं, कुछ समझ में नहीं आ रहा। विक्रम ने बताया कि मैं कॉमन सर्विस सेंटर पर ऑपरेटर का काम करता हूं। इसी से मेरा घर चलता है। सरपंच बनने के बाद भी गांव के विकास कार्यों पर भी ध्यान दे रहा हूं। पंचायत फंड से गांव में गली-नालों का निर्माण, सीसीटीवी लगवाने और सफाई व्यवस्था पर काम किया है। विक्रम के पिता वेद प्रकाश ने बताया कि जब मुझे रात को बेटे की जीत की खबर मिली तो मैंने यकीन नहीं किया।

# योग द्वारा लोगों को स्वस्थ रखना अभूतपूर्व कार्य : मेघा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा सेक्टर 6 में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकल्प भंडारी, पार्षद वार्ड नंबर 8 और मेघा भंडारी, अध्यक्ष हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी ने विशेष रूप से शिरकत की और योग क्रियाएं की। दिनेश गुलाटी एवम टीम के अन्य योग शिक्षकों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। संकल्प भंडारी ने कक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनेश गुलाटी योग के क्षेत्र में

**योग सत्र**

**▶▶ मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा सेक्टर 6 में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया**

सराहनीय काम कर रहे हैं और शहर में चलाई जा रही विभिन्न कक्षाओं के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक व स्वस्थ कर रहे है। मेघा भंडारी ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि जन कल्याण के लिए योग के द्वारा लोगों को स्वस्थ रखना अभूतपूर्व कार्य है।

# सरकार लाना चाहती है वक्फ कानून में पारदर्शिता: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वक्फ संसोधन बिल से सिर्फ वो मुसलमान परेशान हैं, जो खुद वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर कब्जा किए बैठे हैं। मीडिया से बातचीत में सुभाष चंद्र ने कहा कि यह बिल वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि इस बिल में संशोधन का मतलब यह



बिल्कुल नहीं है कि मस्जिदें या संपत्तियां छिन जाएंगी। उन्होंने कहा कि जेपीसी में चर्चा के बाद बड़ी तसल्ली से यह बिल लाया गया है। केंद्र सरकार जो भी करने जा रही है, वह संविधान के दायरे में ही होगा। कोई भी असंवैधानिक कार्य नहीं किया जाएगा, इस बारे में मुस्लिम समाज पूरी तरह निश्चिंत रहे। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास ही मोदी सरकार का नारा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार जो बिल लेकर आई है वह सभी गरीब मुसलमानों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि संशोधन के बाद वक्फ के काम में पारदर्शिता आएगी। जो संशोधन बिल आया है वो वक्फ की समस्त धार्मिक सम्पत्ति के हित में होगा।

# आइटीआर फाइलिंग से अर्थ व्यवस्था मजबूत : चरणजोत सिंह नंदा

**सेमिनार**

**▶▶ सीए की नौकरी को लेकर कोई कमी नहीं है। देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की जबरदस्त मांग है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आइसीएआइ) की ओर से करनाल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रेजिडेंट चरणजोत सिंह नंदा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में करनाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से मुलाकात कर उन्होंने उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उन्हें लगातार प्रोफेशनल एजुकेशन के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वे हर विषय पर निपुण हो सकें। चरणजोत सिंह नंदा ने बताया कि बजट के बाद टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इस पर सेमिनार में विशेष चर्चा की गई, ताकि सीए मेंबर्स को सही



जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि टीडीएस को लेकर अक्सर जटिलताएं होती हैं, लेकिन सरकार इसे सरल बनाने के प्रयास में है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सीए की नौकरी को लेकर कोई कमी नहीं है। देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की जबरदस्त मांग है, जिससे नए सीए को तुरंत नौकरी मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए 30 लाख सीए की जरूरत होगी, जबकि फिलहाल देश में 5 लाख भी नहीं हैं। इसलिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी में करियर के जबरदस्त अवसर हैं।
चरणजोत सिंह ने बताया कि यदि किसी की सालाना सैलरी 12.75 लाख रुपए तक है तो उसे टैक्स देने की जरूरत नहीं होगी। इसका उद्देश्य यह है कि लोग अपनी कमाई को फिर से इकोनॉमी में इन्वेस्ट करें।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महसूस किया कि मिडिल क्लास का बड़ा हिस्सा टैक्स में चला जाता है, इसलिए इसे एक फंड के रूप में देखा गया और नए इन्वेस्टमेंट पैकेज के तहत इसे लागू किया गया। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद आईटीआर फाइलिंग की संख्या बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में रुपया तेजी से सकुर्लेट होगा। यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि इससे भारत की विकास दर को बल मिलेगा। लिक्विडिटी की अधिकता से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है, लेकिन जब रुपया बाजार में रहेगा।

# 30 करोड़ 16 लाख की लागत से बनेगा 12.50 एमएलडी का एसटीपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि गांव खेडी मारकंडा में 12.50 एमएलडी कैपेसिटी का नया एसटीपी लगाने के प्रौजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना पर प्रदेश सरकार की तरफ से 30 करोड 16 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस राशि में से 7 करोड का बजट सीवरेज पाइप लाइन और 18 करोड 65 लाख का बजट एसटीपी पर खर्च किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि एसटीपी परियोजना से पिपली सहित 7 से ज्यादा कालोनियों के



हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कार्यकताओं से बातचीत कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने गांव खेडी मारकंडा, मोहन नगर, वशिष्टद कालोनी, हरि नगर,कामरेट कालोनी, पुलिस लाईन, पिपली, बीड पिपली,कीर्तिनगर, गांधीनगर

**बजट**

**▶▶ इस परियोजना पर प्रदेश सरकार की तरफ से 30 करोड 16 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा**

के हजारों लोगों को एसटीपी की सौगात दी है। इस एसटीपी को आगामी 30 वर्षों की लगभग 88 हजार से ज्यादा जनसंख्या को जहन में रखकर तैयार किया जाएगा। इस एसटीपी पर प्रदेश सरकार की तरफ से 30 करोड 16 लाख रुपए का बजट मंजूर किया है। इस बजट में से 7 करोड 2 लाख रुपए की राशि सीवरेज पाइप लाइन पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का जिम्मा एक एजेंसी को सौंप दिया है। यह पाइप लाइन खेडी मारकंडा,पिपली और अन्य कालोनियों में बिछाई जाएगी। इस पाइप लाइन बिछाने का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस पाईप लाइन की लम्बाई 26 हजार 577 मीटर होगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ एजेंसी को सख्त आदेश भी दिए है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाए।

# महिला के खेत पर कब्जे की कोशिश, बदमाशों ने खड़ी गेहूं पर चलाया ट्रैक्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सदरपुर गांव में एक महिला किसान की जमीन पर जबरन कब्जा करने और उसकी खड़ी गेहूं की फसल नष्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता राजबाला ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने हथियारों के साथ खेत में घुसकर उसकी फसल नष्ट कर दी और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।
परिवार ने बदमाशों का विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। पहले भी इन लोगों के खिलाफ शिकायत दी गई थी, लेकिन समझौते के बाद मामला शांत हो



गया था। अब दोबारा इस तरह की हरकत किए जाने पर महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है।
राजबाला ने बताया कि उसने 2022 में लाल सिंह से सदरपुर गांव में 2 एकड़ जमीन खरीदी थी। इसी खेवट में संजीता शर्मा नामक महिला ने भी जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री और कब्जा लेने के बाद से ही वह इस जमीन पर खेती कर रही है और उसका नाम जमाबंदी में भी दर्ज हो चुका है। बेटा बलिंद्र इस जमीन की देखभाल करता है।
राजबाला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पास की जमीन ठेके पर ले रखी है, लेकिन वे लगातार उसकी जमीन पर नजर गड़ाए हुए हैं। कई बार बेवजह खेत में घुसकर दखलअंदाजी करते हैं, ताकि वे दबाव बनाकर उसकी जमीन को सस्ते में खरीद सकें। इसको लेकर पहले भी एसपी और डीएसपी को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद समझौता हो गया था।

# 10 सालों में बदल जाएगी घरौंडा हलके की तस्वीर: हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि निमार्णाधीन बड़े प्रोजेक्ट्स पूरा होने पर अगले 10 सालों में घरौंडा हलके की तस्वीर बदल जाएगी। कुटैल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी का चरणबद्ध तरीके से विस्तार पूरा होने पर न केवल हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा बल्कि बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुलभ हो सकेंगी। हलके के मध्य से गुजर रहे रिंग रोड का कार्य पूरा होने से तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। हरविंद्र कल्याण आज धन्यवादी दौरे के तहत गांव गढ़ी मुल्तान और डींगर माजरा में ग्रामीणों को संबोधित



कर रहे थे। दोनों गांवों में उनका पगड़ी पहनकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। गढ़ी मुल्तान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इसे तरक्की पसंद गांव बताया। उन्होंने कहा कि इस गांव में साफ-सफाई व्यवस्था की अच्छी है। गांव की तरफ से विकास संबंधी जो भी मांगें रखी गई, उन्हें पूरा किया गया है।
स्पीकर ने कहा कि 2014 से पहले घरौंडा हलका विकास में काफी पिछड़ा हुआ था। भाजपा सरकार बनने के बाद हलके में काफी विकास हुआ है। मनोहर लाल के साढे नौ साल के मुख्यमंत्रित्व काल में जो भी मांगें रखी गई, उन सभी को पूरा किया

**निर्माणाधीन**

**▶▶ निर्माणाधीन बड़े प्रोजेक्ट्स पूरा होने पर अगले 10 सालों में घरौंडा हलके की तस्वीर बदल जाएगी**

गया। एक समय था जब लोगों को छोटे-मोटे कार्यों के लिए करनाल जाना पड़ता था। लेकिन घरौंडा में उपमंडल बनने के बाद उन्हें काफी सुविधा मिली है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा पैसा लाभ पात्रों के बैंक खातों में सीधे पहुंच रहा है। ऐसा व्यवस्था बदलाव के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी का प्रथम चरण इसी साल पूरा हो जाएगा। अगले 15-20 सालों तक इसका निरंतर विस्तार जारी रहेगा। यहां बड़े अस्पताल खुलेंगे, नए डॉक्टरों की नियुक्ति होगी। इससे न केवल हलके के लोगों बल्कि उत्तरी हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को इसका फायदा होगा। अराईपुरा में एनसीसी अकादमी का निर्माण कार्य जारी है। सालों से उपेक्षित नहरों की खुदाई भी कराई जा रही है। इससे बाढ़ का खतरा कम होगा और नहरों में सिंचाई के लिए पहले से अधिक मात्रा में पानी आ सकेगा।
उन्होंने कहा कि सालों से कंडम चीनी मिल की सुध अगर ली है तो भाजपा सरकार ने। नई चीनी मिल बनने से गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा हुआ है।

# मेथी का पानी

## हर बीमारी करेगा दूर



**मेथी** सब्जियों में डालने से काफी फायदा होता है। यह आपके स्वाद को तो बढ़ाती ही हैं साथ ही आपकी सेहत को भी बनाए रखती है। वैसे तो मेथी हर बीमारी को ठीक करने में सक्षम है। पर यदि आप मेथी को पानी में डाल कर सुबह के समय पिएंगे तो यह और भी फायदेमंद साबित होगी। मेथी ना सिर्फ एक मसाला है बल्कि यह हर बीमारी को जड़ से खत्म करने की दवा भी है। अब आप मेथी के गुण नहीं बल्कि मेथी के पानी के गुण के बारे में भी जानिये। आपको हर रात एक पानी से भरा गिलास ले कर उसमें दो चम्मच मेथी दाना डाल कर रातभर के लिए भिगो दें। सुबह इस पानी को छानें और खाली पेट पी जाएं। ऐसा करने से मेथी के पानी में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट गुण बढ़ जाते हैं, जिससे आपके शरीर की तमाम बीमारियां पल भर में ही खत्म हो जाएंगी।

**वजन कम करे**

यदि आप भिगोई हुई मेथी के साथ उसका पानी भी पियें तो आपको जबरदस्ती की भूख नहीं लगेगी। रोज एक महीने तक मेथी का पानी पीने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है।

**किडनी स्टोन**

अगर आप भिगोई हुई मेथी का पानी एक महा तक रोज सुबह खाली पेट पिएंगे तो यदि आपकी किडनी में स्टोन है तो वह जल्द ही निकल जाएगी।

**ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करे**

मेथी में कम्पाउंड और पोटैशियम होता है। ये दोनों आपके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में बड़ी ही सहायक होती हैं।

**कोलेस्ट्रॉल घटाए**

अन्य स्टडीज में पता चला है कि मेथी खाने से या उसका पानी पीने से शरीर से खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ता है।

### मेथी का पानी पीने के अन्य लाभ

**मधुमेह**



मेथी में फाइबर कम्पाउंड है। इससे रक्त में शक्कर बड़ी धीमी गति से धुलती है। इसी कारण मधुमेह नहीं होता।

**गठिया से बचाए**



इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इसी लिए मेथी का पानी गठिया से होने वाले दर्द में भी राहत दिलाती है।

**कैंसर से बचाए:** मेथी में ढेर सारा फाइबर होता है जो कि शरीर से विषैले तत्वों को निकाल फेंकती है और पेट के कैंसर से बचाती है।

**- मेथी वैसे हर बीमारी को जड़ से खत्म करने की दवा भी है**

**- दो चम्मच मेथी दाना डाल कर रातभर के लिए भिगो दें, सुबह इस पानी को छानें और खाली पेट पी जाएं**

**- मेथी के पानी में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट गुण बढ़ जाते हैं जिससे तमाम बीमारियां खत्म हो सकती हैं**

**- मेथी का पानी गठिया से होने वाले दर्द में भी राहत दिलाती है**

# अकेली स्तन कैंसर पीड़िताओं के लिए कठिन है बीमारी को हराना



**लास एंजिल्स।** सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने वाली महिलाएं यदि स्तन कैंसर का शिकार हो जाती हैं तो उनके लिए इस बीमारी को मात देना मुश्किल होता है। इन महिलाओं में इस बीमारी के दोबारा उभरने की भी आशंका रहती है। यह दावा एक नए अध्ययन में किया गया है।

**ऐसी महिलाओं को सामाजिक संपर्क जरूरी :** एक अध्ययन में पाया गया है कि सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने वाली जिन महिलाओं को स्तन कैंसर हुआ था, उनमें इस बीमारी के लौटने या घातक हो जाने की दर ज्यादा थीं जबकि बेहतर सामाजिक संपर्क रखने वाली महिलाओं की स्थिति बेहतर रही।

**ऐसी महिलाओं में सामाजिक संबंध फायदेमंद दिखे :** यह भी पाया गया कि कुछ खास सामाजिक संबंध फायदेमंद थे जबकि अन्य नहीं थे। कुछ रिश्तों से तो किसी खास जाति वर्ग या खास आयु वर्ग के मरीजों को ही लाभ हुआ। विश्लेषण के लिए अमेरिका के ''कैंसर परमानेंट डिवीजन ऑफ रिसर्च' के शोधकर्ताओं ने स्तन कैंसर की शिकार 9,267 महिलाओं से जुड़ी जानकारी का अध्ययन किया। उन्हें यह देखना था कि किसी मरीज की बीमारी का पता चलने के दो साल के भीतर के सामाजिक संबंध से कैसे उनके बचे रहने पर असर पड़ता है।

**अकेली महिलाओं में यह बीमारी दोबारा आने का खतरा 40 फीसदी ज्यादा :** अध्ययन में शामिल किए गए स्तन कैंसर के कुल मामलों में से 1,448 मामलों में कैंसर दोबारा हुआ और 1,521 लोगों की मौतें हुई। अध्ययन में पाया गया कि सामाजिक रूप से एकजुट महिलाओं की तुलना में अलग-थलग रहने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर दोबारा आने का खतरा 40 फीसदी ज्यादा है। अलग-थलग रहने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर के कारण मरने का खतरा 60 फीसदी अधिक और किसी भी वजह से मरने का खतरा 70 फीसदी अधिक है। यह अध्ययन ''कैंसर नामक जर्नल' में प्रकाशित किया गया।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## लॉफिंग ज़ोन

एक प्रेमी ने सोचा कि प्रेमिका से विवाह का प्रस्ताव नए अंदाज में किया जाए।

एक दिन प्रेमिका से मुलाकात होने पर उसने कहा- प्रिये! मैं स्वयं को तुम्हें भेंट करना चाहता हूँ।

प्रेमिका ने बुरा सा मुँह बनाकर कहा- मुझे घटिया तोहफे लेने की आदत नहीं हैं।

□ □ □

वकील ने खूबसूरत युवती से पूछा- परसों रात तुम कहाँ थी?

युवती- अपने पड़ोसी के साथ रेस्त्राँ गई थी।

वकील ने दूसरा सवाल पूछा- और कल रात?

युवती- मेरे एक दूसरे पड़ोसी के साथ।

वकील ने धीरे से पूछा- और आज का तुम्हारा क्या कार्यक्रम है?

दूसरा वकील चिल्लाया- ऑब्जेक्शन मी लॉर्ड! यह सवाल मैंने पहले ही कर लिया है।


□ □ □

पति, पत्नी से- कल रात मैंने एक बहुत बुरा सपना देखा। मैंने देखा कि मैं सुंदर लड़कियों के झुँड में मौजूद हूँ।

पत्नी- तो यह सपना बुरा कैसे हुआ?


पति बोला- क्योंकि सपने में मैं खुद भी तो एक लड़की ही था।

## काकुरो पहेली - 649




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरण:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो - 648 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली- 649



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लछा' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शावा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 648**



## सूडोकु -649


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -648 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली -649



**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

**शब्द पहेली -648 का हल**



## भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर ने आईटीटीएफ वर्ल्ड रैंकिंग के टॉप 50 में जगह बनाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर ने अपने करियर की बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार आईटीटीएफ वर्ल्ड रैंकिंग के टॉप 50 में जगह बना ली है। वह अब दुनिया में 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इस बीच, स्नेहित सुरवज्जुला ने पहली बार शीर्ष 100 में जगह बनाते हुए 89वां स्थान हासिल किया है। एक मार्मिक मोड़ में, शरत कमल, जिन्होंने प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की थी, ने विश्व नंबर 80 पर अपने शानदार करियर का समापन किया। अपने अंतिम मैच में कमल पर सुरवज्जुला की जीत ने अनुभवी के करियर का प्रतीकात्मक अंत कर दिया। चेन्नई में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर में भारत का अभियान रविवार को समाप्त हो गया, जब ठक्कर को पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के विश्व नंबर 54 थिबॉल्ट पोरेट से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष के रूप में इतिहास रचने वाले ठक्कर ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में एक उच्च-ऊर्जा मैच में कड़ी टक्कर दी। जोशीले प्रयास के बावजूद ठक्कर को अंततः 20 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मात दी, जिसने 12-10, 11-9, 7-11 और 11-7 के स्कोर के साथ जीत हासिल की।

## विश्व मुक्केबाजी कप 2025 : लक्ष्य चाहर की हार के साथ भारत ने किया अभियान का आगाज

**फ़ोज़ डू इगुआकु (ब्राजील)।** विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में लक्ष्य चाहर का अभियान 80 किग्रा के शुरुआती मुकाबले में ब्राजील के वांडरले परेरा के सामने 0-5 से निराशाजनक हार के साथ शुरू हुआ।मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैंपियन चाहर को (स्थानीय समयानुसार) को परेरा के रूप में एक कठिन प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा, जो 2023 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और पेरिस ओलंपियन हैं। परेरा ने रिंग में चाहर को पछाड़ दिया, जिसमें एक जज को छोड़कर सभी ने उन्हें 30 अंक दिए। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने 150 में से 149 का लगभग पूर्ण स्कोर हासिल किया, जबकि चाहर ने 135 अंक हासिल किए। यह हार विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के लिए एक चुनौतीपूर्ण शुरुआत है, जो कि 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल होने से पहले फरवरी में विश्व मुक्केबाजी को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से अनंतिम मान्यता मिलने के बाद पहला आयोजन है। यह नए शुरू किए गए भार वर्गों के तहत प्रतिस्पर्धा करने वाले भारतीय मुक्केबाजों के लिए पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता भी है। छह दिवसीय टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), निखिल दुबे (75 किग्रा), और जुगनू (85 किग्रा) रिंग में उतरेंगे। जदुमनी का सामना ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज से होगा, जो क्वार्टर फाइनल में एक मुश्किल मुकाबला होगा। निखिल का मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज काऊ बेलिनी से होगा, जबकि जुगनू का मुकाबला फ्रांस के अब्दुलाये ट्रोरे से होगा।

## इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स फिटनेस के कारण शुरुआती काउंटी मैचों से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स के काउंटी चैंपियनशिप के शुरुआती मुकाबलों में खेलने की संभावना बेहद कम है। डरहम के कोच रयान कैंपबेल ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। स्टोक्स इस समय हैमस्ट्रिंग की सर्जरी के बाद फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 33 वर्षीय स्टोक्स को पिछले साल दिसंबर में न्यूजीलैंड दौरे के दौरान हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट लगी थी। यह पांच महीनों में दूसरी बार था जब उन्हें यह समस्या हुई, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। इंग्लैंड को मई में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है, जिसके बाद भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की अहम सीरीज होगी। साल के अंत में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया में एशेज के लिए भी उतरना है। डरहम की टीम मई में जिम्बाब्वे टेस्ट से पहले छह काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलेगी, लेकिन स्टोक्स के इन मुकाबलों में खेलने की संभावना नहीं है। डरहम के कोच रयान कैंपबेल ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि टीम को सिर्फ स्टोक्स ही नहीं, बल्कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स (पैर की चोट) और मार्क वुड (घुटने की चोट) की भी कमी खलेगी। कैंपबेल ने कहा, स्टोक्स, कार्स और वुड का हमारे लिए खेलना फिलहाल मुश्किल लग रहा है। उनकी प्राथमिकता इंग्लैंड के लिए पूरी तरह से फिट होना है। स्टोक्स ने सर्जरी के अगले ही दिन वेट लिफ्टिंग शुरू कर दी थी, जो उनकी दृढ़ता को दर्शाता है। वह टीम के लिए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं।

## धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर लगा जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान पर नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम निर्धारित समय सीमा में दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाये जाने पर यह जुर्माना लगाया है।आईसीसी मीडिया बयान में कहा गया कि रिजवान ने अपराध और जुर्माना स्वीकार कर लिया है इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई। यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर माइकल गॉफ और चौथे अंपायर वेन नाइट्स द्वारा लगाया गया था।

# शार्लेट एडवर्ड्स बनीं इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की नई हेड कोच

**एजेंसी**

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शार्लेट एडवर्ड्स को इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। पूर्व इंग्लैंड कप्तान एडवर्ड्स ने अपने देश के लिए 300 से अधिक मैच खेले हैं और अपने 20 साल के क्रिकेट करियर में दो वर्ल्ड कप और पाँच बार एशेज ट्रॉफी जीती है। 2017 में संन्यास लेने के बाद, एडवर्ड्स ने इंग्लिश घरेलू क्रिकेट और वैश्विक टी20 लीगों में कोचिंग की है। उन्होंने दक्षिणी वाइपर, द हंड्रेड में साउदर्न ब्रेव, विमेंस बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स और विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के साथ सफलता हासिल की है।

अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए एडवर्ड्स ने कहा, इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के नेतृत्व का फिर से हिस्सा बनने पर मैं बेहद रोमांचित हूं। इस टीम को आगे ले जाना और सफलता की ओर बढ़ाना मेरे लिए गर्व की बात है। मेरे लिए फिर से तीन शेरों (इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम का लोगो) को धारण करना दुनिया का सबसे बड़ा सम्मान है। इंग्लैंड की कप्तानी करना मेरे



जीवन का अहम हिस्सा रहा है और मैं हमेशा इस टीम और इसकी विरासत के प्रति समर्पित रहूंगी। हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है, और मैं उनके साथ काम करने और उन्हें व्यक्तिगत और टीम स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने आगे कहा, हमारे सामने दो घरेलू सीरीज का त्वरित चुनौती है, जिसके बाद इस साल के अंत में भारत में आईसीसी महिला विश्व कप खेला जाना है। अगले साल इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप भी होगा और इसके बाद 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में महिला क्रिकेट की पहली उपस्थिति होगी। मैं इस टीम के साथ ट्रॉफी जीतने और इसे आगे ले जाने के लिए तैयार हूं। ईसीबी की डिप्टी सीईओ और इंग्लैंड महिला क्रिकेट की मैनेजिंग डायरेक्टर क्लेयर कॉनर ने कहा, जब हमने इस पद के लिए मानदंड तय किए, तो यह जल्दी स्पष्ट हो गया कि शार्लेट एडवर्ड्स सबसे बेहतरीन उम्मीदवार हैं। उन्होंने आगे कहा, उनके पास अनुभव, जुनून और विशेषज्ञता है, जो इस टीम को सफलता की ओर ले जा सकती है। बतौर हेड कोच उन्होंने अलग-अलग टीमों के साथ बेहतरीन नतीजे दिए हैं। यह उनके निरंतर प्रयास और उच्च मानकों का प्रमाण है। वह एक सिद्ध विजेता हैं, जिन्होंने एक खिलाड़ी और अब कोच के रूप में लगातार सफलता हासिल की है। शार्लेट एडवर्ड्स वर्तमान में हैम्पशायर से ईसीबी में शामिल हो रही हैं। इंग्लैंड महिला टीम की हेड कोच के रूप में उनका पहला मैच 21 मई को वेस्टइंडीज के खिलाफ कैंटरबरी में होगा। इंग्लैंड महिला टीम के नए कप्तान की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में आयकर विभाग के खिलाड़ियों का जलवा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में 26 से 29 मार्च तक आयोजित सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में आयकर खेल और मनोरंजन क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 31 राज्यों के कराटे खिलाड़ी, एसएससीबी,आईटीबीपी और असम राइफल्स की टीमें शामिल हुईं। आयकर खेल और मनोरंजन क्लब ने एक बयान में कहा कि आयकर विभाग के खिलाड़ी अनिकेत गुप्ता ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक जीते। यह विश्व कराटे महासंघ (डब्ल्यूकेएफ)और एशियाई कराटे महासंघ (एकेएफ) की ओर से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका 42वां पदक है। खास बात यह है कि अनिकेत लगातार 18 वर्षों से पदक जीतते आ रहे हैं, जो उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। प्रतियोगिता में दीपिका धीमान ने भी शानदार प्रदर्शन किया और दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। यह डब्ल्यूकेएफ और एकेएफ द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनकी 30वीं पदक जीत है।

## वेस्ट इंडीज़ 1975 विश्व कप की ऐतिहासिक जीत की 50वीं वर्षगांठ मनाएगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्ट इंडीज़ अपनी ऐतिहासिक 1975 विश्व कप जीत की 50वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जिसे लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, लंदन में 21 जून 1975 को हासिल किया गया था। उस समय इसे 'प्रूडेंशियल वर्ल्ड कप' कहा जाता था। इस टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लाइव लॉयड की शानदार सेंचुरी ने वेस्ट इंडीज़ को 17 रन से जीत दिलाई थी और लॉयड ने ट्रॉफी उठाई थी। वेस्ट इंडीज़ के इस ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन बारबाडोस में होगा, हालांकि अभी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर माइकल होल्डिंग ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा, यह एक बेहतरीन विचार है। मैं विस्तार से तो नहीं जानता, लेकिन यह बहुत अच्छा है कि हम अपनी उपलब्धियों को मान्यता दे रहे हैं। होल्डिंग, जो 1975 के विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं थे, 1979 और 1983 के विश्व कप में वेस्ट इंडीज़ का हिस्सा रहे। 1983 में भारत ने वेस्ट इंडीज़ को फाइनल में हराया था। होल्डिंग ने आगे कहा, सभी अन्य देश अपनी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं और हमें भी अपनी कहानी लिखनी



चाहिए और अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाना चाहिए 1975 की विश्व कप जीत वेस्ट इंडीज़ क्रिकेट इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक मानी जाती है, जो उनके विश्व क्रिकेट में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने के समय पर आई। वेस्ट इंडीज़ का प्रभुत्व अगले दशक तक बना रहा, लेकिन उसके बाद टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई, और तब से वह पूरी तरह से वापस नहीं आ सकी है। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने हाल ही में मीडिया सम्मेलन में इस आयोजन की योजना का ऐलान किया। उन्होंने कहा, इस साल हम 1975 में हुई अपनी पहली विश्व कप जीत की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हम आयोजन के अंतिम चरण में हैं, कुछ चीज़ों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डॉ. शैलो ने स्पोर्ट्समैक्स वेबसाइट को बताया,यह हमारे वार्षिक कैलेंडर का एक प्रमुख हिस्सा होगा। इस जीत के 12 जीवित सदस्य हैं, और हम उनका सम्मान बारबाडोस में होने वाले इस समारोह में करेंगे। यह हमारे लिए एक शानदार आयोजन होगा, साथ ही हम अपनी घरेलू सीरीज का भी इंतजार कर रहे हैं, वर्तमान में जीवित 12 सदस्य हैं: गॉर्डन ग्रीनिज़ (73), अल्विन कालिचरन (76), रोहन कन्हाई (89), क्लाइव लॉयड (80), विव रिचर्ड्स (73), बर्नार्ड जूलियन (75), डेरेक मरे (81), वैनबर्न होल्डर (79), एंडी रॉबर्ट्स (74), कॉलिस किंग (73), लांस गिब्स (90) और मौरिस फोस्टर (81)।

## हार के बाद लखनऊ की पिच पर फूटा जहीर खान का गुस्सा, कहा-ऐसा लग रहा था जैसे पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार की हो

**एजेंसी**

**लखनऊ।** आईपीएल 2025 में घरेलू मैदान की पिच से परेशान होने वाली टीमों की सूची में अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) भी शामिल हो गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद, अब एलएसजी भी अपने होम ग्राउंड की पिच से निराश नजर आई। टीम के मेंटॉर ज़हीर खान ने अपनी नाराजगी ज़ाहिर की और कहा कि ऐसा लग रहा था मानो यहां पंजाब का क्यूरेटर काम कर रहा हो। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में एलएसजी को आठ विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद ज़हीर खान ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी जताई। मैच के बाद जहीर खान ने कहा, यह थोड़ा निराशाजनक है, क्योंकि यह हमारा घरेलू मैदान है। आईपीएल में आपने देखा होगा कि टीमें अपने घरेलू मैदान का फायदा उठाने की कोशिश करती हैं। लेकिन यहां क्यूरेटर ने इस बारे में नहीं सोचा। ऐसा लग रहा था जैसे यह पंजाब का क्यूरेटर था। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए भी एक नई जिम्मेदारी



है, लेकिन उम्मीद है कि यह पहला और आखिरी मैच होगा जहां ऐसा हुआ। हमारे प्रशंसक हमें यहां जीतते हुए देखना चाहते हैं। हमें अपनी घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की जरूरत है। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब जहीर से पूछा गया कि क्या उन्होंने और कप्तान ऋषभ पंत ने पिच को गलत पढ़ा, तो उन्होंने जवाब दिया, देखिए, हम तो वही करेंगे जो क्यूरेटर कहेगा, नहीं? इसे बहाने के रूप में नहीं ले रहे, लेकिन पिछले सीजन में भी हमने देखा कि यहां बल्लेबाजों को दिक्कत होती थी और गेंदबाज हावी रहते थे। लेकिन यह घरेलू टीम के समर्थन की बात है, और हर किसी को इसे समझना चाहिए। ऋषभ पंत ने भी मैच के बाद कहा कि एलएसजी इस मुकाबले को धीमी पिच पर खेलना चाहती थी, लेकिन मैदान की स्थिति वैसी नहीं थी। एलएसजी ने इस सीजन के अपने तीन में से दो मुकाबले गंवा दिए हैं, और उनका घरेलू रिकॉर्ड अब 15 मुकाबलों में केवल 7 जीत तक सीमित हो गया है। इकाना स्टेडियम में खेले गए इन मैचों में केवल एक बार ही 200 से अधिक का स्कोर बना है, जिससे यह साफ होता जा रहा है कि पिच टीम की जरूरतों के अनुरूप नहीं है। जहीर ने कहा,यही तो आईपीएल की चुनौती है, । आपको घरेलू और बाहरी मैदानों पर खेलना होता है। यह हमारा पहला घरेलू मुकाबला था और उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। पंजाब ने हमें पूरी तरह से मात दी, और यही खेल की प्रकृति है।

## कोपा डेल रे सेमीफाइनल: रूडिगर बने हीरो, रियल मैड्रिड ने रियल सोसिएदाद को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने रियल सोसिएदाद के खिलाफ रोमांचक 4-4 के ड्रॉ के साथ कोपा डेल रे के फाइनल में जगह बनाई, जिससे उसने कुल 5-4 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल जीत लिया। एंटोनियो रूडिगर ने 115वें मिनट में हेडर के जरिए निर्णायक गोल किया, जिससे मैड्रिड अब फाइनल में बार्सिलोना या एटलेटिको मैड्रिड का सामना करेगा। पहले चरण में 1-0 से पिछड़ रही रियल सोसिएदाद ने एंडर बार्नेनचेया के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन एंड्रिक के शानदार चिप शॉट से रियल मैड्रिड ने बराबरी कर ली। डेविड अलाबा के आत्मघाती गोल और मिकेल ओयारज़ाबल के डिफ्लेक्टेड शॉट से सोसिएदाद को



बढ़त मिली, लेकिन मैड्रिड ने जूड बेलिंघम और ऑरेलियन चुआमेनी के गोलों से वापसी की। ओयारज़ाबल ने स्टॉपेज टाइम में दूसरा गोल कर मुकाबले को अतिरिक्त समय तक खींचा, लेकिन सोसिएदाद पेनल्टी तक मुकाबला नहीं ले जा सकी। अंततः रूडिगर के हेडर ने मैड्रिड को फाइनल में पहुंचा दिया। मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो को शुरुआती लाइनअप में रखा, जबकि काइलियन एम्बाप्पे को आराम दिया और उनकी जगह एंड्रिक को मौका मिला। 18 वर्षीय एंड्रिक, जिन्होंने पहले चरण में एकमात्र गोल किया था, शुरूआती मिनटों में सक्रिय दिखे और एक शानदार ओवरहेड किक से गोल करने के करीब पहुंचे। बेलिंघम ने भी गोल करने की कोशिश की, लेकिन बढ़त रियल सोसिएदाद ने ली। बार्नेनचेया ने पाब्लो मारिन के पास पर बढ़त बनाते हुए गोल किया। हालांकि, मैड्रिड ने जल्द ही बराबरी कर ली।

## युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप : एलिमिनेटर में युवा मुंबा का सामना युवा योद्धास से और सोनीपत स्पार्टन्स भिड़ेगी वारियर्ज के.सी. से

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम में जारी युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप के सुपर 6 और हेड-टू-हेड मुकाबलों का रोमांचक समापन हुआ। खेले गए निर्णायक मैचों के बाद युवा मुंबा, सोनीपत स्पार्टन्स और वारियर्ज़ के.सी. ने प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। प्लेऑफ दौर में दो एलिमिनेटर, एक सेमीफाइनल और एक ग्रैंड फिनाले खेला जाएगा। एलिमिनेटर मुकाबलों में युवा मुंबा का सामना युवा योद्धास से होगा, जबकि सोनीपत स्पार्टन्स और वारियर्ज़ के.सी. भी नॉकआउट मैच में आमने-सामने होंगे।

दोनों मुकाबले 2 अप्रैल को खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों विजेता 4 अप्रैल को सेमीफाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगे, और फाइनल मुकाबला 5 अप्रैल को होगा, जिसमें जयपुर पिंक कब्स पहले ही अपनी जगह पक्की कर चुकी है।पहले मुकाबले में युवा मुंबा ने जूनियर स्टीलर्स को 48-26 से हराकर प्लेऑफ में प्रवेश किया। पृथ्वीराज शिंदे ने 12 अंक अर्जित कर टीम को जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में सोनीपत स्पार्टन्स ने पलानी टस्कर्स को 44-33 से हराया। पंकज ठाकुर (12 अंक) और अंकित सहारवा (11 अंक) ने शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे मुकाबले में वारियर्ज़ के.सी. ने चंडीगढ़ चार्जर्स को 51-34 के बड़े अंतर से हराया। नितिन सिंह 10 रेड अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे।

# आईपीएल 2025:पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराकर इस सत्र की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। लगातार दो मैचों में जीत के साथ पंजाब अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई।लखनऊ की ओर से मिले 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम ने तेज शुरुआत की। हालांकि तीसरे ओवर में 26 के योग पर प्रियांश आर्या के रूप में टीम को पहला झटका लगा। प्रियांश ने 8 रन बनाया। इसके बाद कप्तान श्रेयश अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह का अच्छा



साथ दिया और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। इस बीच 69 रन बनाकर प्रभसिमरन आउट हो गए। इसके बाद नेहर वढेरा और श्रेयश ने टीम को 22 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। श्रेयश 52 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि नेहल वढेरा ने 43 रन की नाबाद पारी खेली। लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी एकमात्र सफल गेंदबाज रहे, जिन्हें दो सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने खराब शुरुआत की। पारी के पहले ओवर में ओपनर मिचेल मार्श शून्य पर आउट हो गए। फिर चौथे ओवर में एडन मारक्रम (28 रन) और पांचवे ओवर में कप्तान ऋषभ पंत (02 रन) भी पवेलियन लौट गए। तब निकोलसस पूरन ने आयुष बडोनी के साथ 54 रन की साझेदारी कर टीम को पटरी पर लाने की कोशिश की। हालांकि पूरन अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए और 44 रन के निजी योग पर आउट हो गए। बडोनी ने डेविड मिलर (19 रन) और अब्दुल समद (27 रन) के साथ छोटी छोटी साझेदारी कर टीम के स्कोर पर 171 तक पहुंचाया। बडोनी ने 41 रन की शानदार पारी खेली। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने सबसे अधिक 3 विकेट चटकाए। जबकि लोकी फर्गूसन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्को यानसेन और यजुवेंद्र चहल को एक-एक सफलता मिली।

## इटली में छाई गुजरात की मनोदिव्यांग आशाबेन, पिंकलबेन

**गांधीनगर।** इटली के ट्यूरिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स (विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल) में गुजरात की दो मनोदिव्यांग आशाबेन ठाकोर और पिंकलबेन चौहान खिलाड़ियों ने डंका बजाया है। सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि मेहसाणा की आशाबेन ठाकोर और दाहोद की पिंकलबेन चौहान ने ट्यूरिन में फ्लोरबॉल खेल में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका वाली गुजरात की इन बेटियों ने अपने अद्भुत खेल कौशल से गुजरात और भारत का नाम रोशन किया है। फ्लोरबॉल हॉकी जैसा एक इनडोर खेल है, जिसे हल्की प्लास्टिक बॉल और विशिष्ट कार्बन फाइबर स्टिक के साथ खेला जाता है। उल्लेखनीय है कि इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च के दौरान स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स का आयोजन किया गया था।

## एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन: पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आयोजित एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन के पहले दिन भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सिद्धार्थ रावत, निकिता इयानिन, चिराग दुहान, मैक्सिम झुकोव, निक चैपल और रयूकी मात्सुदा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

**एकल मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा**

सिद्धार्थ रावत ने एक रोमांचक मुकाबले में दिग्विजय प्रताप सिंह को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। मैच के बाद रावत ने कहा, दिग्विजय लंबे समय बाद वापसी कर रहे थे, जिससे मुझे कुछ अहम मौकों पर फायदा मिला। मौसम चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैं अपनी लय बनाए रखने में सफल रहा। निकिता इयानिन ने हितेश चौहान को तीन घंटे चले कड़े मुकाबले में 7-5, 5-7, 7-6(7) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जापान के रयूकी मात्सुदा ने तीसरी



वरीयता प्राप्त मोएरानी बौजिगे को 6-4, 6-4 से पराजित किया। चिराग दुहान ने चेक गणराज्य के डोमिनिक पलान को 7-6(7), 6-4 से मात दी, जबकि अमेरिका के निक चैपल ने आरपी सेंथिल कुमार को 6-3, 6-2 से हराकर आसानी से जीत दर्ज की। मैक्सिम झुकोव ने सातवीं वरीयता प्राप्त देव जाविया को 6-4, 6-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरे सेट में लगातार चार गेम जीतकर मैच अपने नाम किया।

**युगल मुकाबलों में भी भारतीय खिलाड़ी चमके**

युगल स्पर्धा में दूसरे वरीय विष्णु वर्धन और साई गणता कार्तिक रेड्डी की जोड़ी ने ऋषि रेड्डी और इसहाक इकबाल को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं, सिद्धांत प्रज्वल देव और नितिन कुमार सिन्हा ने कबीर हंस और अथर्व शर्मा को 6-3, 4-6, [10-3] से हराकर जीत दर्ज की। इसके अलावा, चौथी वरीयता प्राप्त आर्यन शाह और करण सिंह ने मान केशरवानी और फैसल कमर को 7-5, 6-1 से पराजित किया। शीर्ष वरीय आदिल कल्याणपुर और कोडी पियर्सन की जोड़ी ने रयूकी मात्सुदा और मोएरानी बौजिगे को 2-6, 6-3, [10-5] से हराकर शानदार वापसी की।

# सीए ने 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधों का किया ऐलान, सैम कॉन्स्टस को पहली बार मिला मौका

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2025-26 सीजन के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की। इस बार 23 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध मिला,जिसमें युवा सलामी बल्लेबाज सैम कॉन्स्टस को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। यह फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज सीरीज को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। महज 19 साल की उम्र में सैम कॉन्स्टस ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। उन्होंने मेलबर्न बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था, जहां उन्होंने 65 गेंदों में 60 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और दो छक्के शामिल थे।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बैली ने कहा, सैम में हमें एक होनहार खिलाड़ी दिखता है, जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सुधार करेगा। बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को भी इस साल अनुबंधित सूची में जगह दी गई है। 28 वर्षीय कुहनेमैन ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 16 विकेट लेकर 'सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता। हालांकि, संदिग्ध गेंदबाजी



एक्शन को लेकर उन पर सवाल उठे थे, लेकिन ब्रिस्बेन के नेशनल क्रिकेट सेंटर में परीक्षण के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। बैली ने मैथ्यू ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था और हमें लगता है कि वह अगले 18 महीनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हरफनमौला खिलाड़ी ब्यू वेबस्टर, जिन्होंने इस साल भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट में डेब्यू किया था, को भी अनुबंध सूची में बरकरार रखा गया है। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। बैली ने ब्यू ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन खेल दिखाया और बल्ले-बॉल दोनों से टीम को संतुलन दिया। उनका योगदान मैदान पर भी अहम रहा।

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के 2025-26 सीजन के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी**

ज़ेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम ज़म्पा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 03 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# किसानों को 30 जून तक मिलेगा घर बैठे फसल बेचने का मौका

## केंद्र सरकार की बड़ी योजना के सफल क्रियान्वयन की तैयारी में योगी सरकार, घर बैठे दलहन और तिलहन खरीद का मौका दे रही योगी सरकार

**प्रक्रिया**

**मूल्य समर्थन योजना के तहत दलहन एवं तिलहन की होगी सरकारी खरीद है- योगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। किसान अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत दलहन और तिलहन की सरकारी खरीद की प्रक्रिया में घर बैठे शामिल हो सकते हैं। इस योजना में किसान 2 अप्रैल से 30 जून तक अपनी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सीधे सरकार को बेच सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उचित दाम दिलाकर उनकी आय बढ़ाना है। किसान इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।



नेफेड को आवंटित जिले
लखनऊ, अयोध्या, झांसी, महोबा, हमीरपुर, जालौन, फतेहपुर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशाम्बी, ललितपुर, सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, औरैया, बलिया, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, वाराणसी, उन्नाव, मैनपुरी, अम्बेडकर नगर, फिरोजाबाद, फरुर्खाबाद, गोण्डा, बाराबंकी, संत रविदास नगर, बलरामपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर, गोरखपुर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, देवरिया, शाहजहांपुर, बुलंदशहर, श्रावस्ती, रामपुर, अलीगढ़, हाथरस, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, बदायूं, शामली, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़ एवं बिजनौर।

**एनसीसीएफ को आवंटित जिले**

बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, मिजार्पुर, आजमगढ़, चन्दौली, मऊ, आगरा, कन्नौज, बस्ती, हरदोई, एटा, बहराइच, मथुरा, महराजगंज, बरेली, मेरठ, पीलीभीत, सम्भल, बागपत, अमरोहा।

**ये समर्थन मूल्य है निर्धारित**

- अरहर : 7,550 रुपए प्रति क्विंटल
- चना : 5,650 रुपए प्रति क्विंटल
- मसूर : 6,700 रुपए प्रति क्विंटल
- **सरसों : 5,950 रुपए प्रति क्विंटल**

**तीन दिन में किया जाएगा भुगतान**

नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि आधार से लिंक बैंक खाते में तीन कार्य दिवसों के भीतर भुगतान किया जाएगा। साथ ही फसल उत्पादन वाले जिलों में पीसीएफ, पीसीयू, जैफेड एवं यूपीएसएस के माध्यम से क्रय केंद्र बनाए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसान 18002101222 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। केंद्र सरकार और यूपी सरकार मिलकर इस विशेष योजना को संचालित कर रहे हैं। नेफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल इस पूरी योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं।आधार से लिंक बैंक खाता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें।
- आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर में नाम, पिता का नाम समान होना चाहिए।

## आमजन को मिले सुगम यातायात की सुविधा, दूसरे दिन भी चला चाबुक

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मिले और कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसके लिए प्रदेश में दूसरे दिन बुधवार को भी अवैध ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार से पूरे प्रदेश में अभियान शुरू किया गया था।

**1007 ई-रिक्शा सीज और 3093 का चालान**

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर अभियान मंगलवार से प्रारंभ हुआ था। अभियान के दूसरे दिन 1007 ई-रिक्शा सीज और 3093 का चालान हुआ। वहीं मंगलवार को 915 ई रिक्शा सीज किया गया था, जबकि 3035 का चालान हुआ था। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। श्री सिंह ने बताया कि इस दौरान जागरूकता अभियान भी चलाया गया। बुधवार को आगरा संभाग में 444, लखनऊ संभाग में 377, कानपुर में 277, गाजियाबाद संभाग में 257, झांसी में 216, वाराणसी में 161, अलीगढ़ संभाग में 140, अयोध्या में 135 और मुरादाबाद संभाग में 120 अवैध ई-रिक्शा पर कार्रवाई हुई।

## भदोही के आर्थिक परिदृश्य में होगा व्यापक परिवर्तन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास को सुनिश्चित कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि प्रदेश के कोने-कोने का विकास उसके वास्तविक पोटेंशियल आधारित हो। ऐसे में, सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर भदोही और आजमगढ़ के आर्थिक व क्षेत्रीय विकास में भविष्य की जरूरतों अनुसार व्यापक स्तर पर वृद्धि करने की तैयारी की जा रही है। इस क्रम में भदोही के आर्थिक परिदृश्य के कायाकल्प के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा जिसकी तैयारी भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने करना शुरू कर दिया है।

वहीं, आजमगढ़ में क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए भौगोलिक सूचना तंत्र (जीआईएस) आधारित फ्रेमवर्क तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## फास्ट न्यूज

### बदलेगी अल्पविकसित व मलिन बस्तियों की सूरत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** अल्पविकसित और मलिन बस्तियों की सूरत बदलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इसी के तहत लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, रायबरेली, कन्नौज समेत 17 जिलों में 250 से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के तहत लखनऊ, प्रयागराज, मऊ, बस्ती, जालौन, सिद्धार्थनगर, मुरादाबाद, संतकबीर नगर, जौनपुर, बुलंदशहर और महाराजगंज की 166 परियोजनाओं को 3.35 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी कड़ी में कानपुर नगर, फतेहपुर, रायबरेली, कन्नौज, आजमगढ़ और कौशांबी जिलों के लिए 95 परियोजनाओं को 17.53 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। इन फंड्स से शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, सड़क निर्माण और रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सरकार की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूरा होने से मलिन बस्तियों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा और शहरी ढांचे को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं जिससे प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश के गरीब और वंचित तबके के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। जल्द ही इन क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर सड़कें, जल निकासी और उत्तम प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

### टर्न ओवर की सीमा बढ़कर हुई ढ़ाई गुना, अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढ़ाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि इस नए बदलाव से मध्य प्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्?म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर वित्तीय पहुंच हो सकेगी। उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की गई है।

## सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे सीएम राइज स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सभी सीएम राइज स्कूल अब "सांदीपनि विद्यालय" के नाम से जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को स्कूल चलें हमें अभियान के शुभारंभ अवसर पर इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि "सीएम राइज स्कूल का नाम ऐसा लगता था, जैसे अंग्रेजों के जमाने का हो, इसलिए इसे बदलकर सांदीपनि ऋषि के नाम पर किया गया है।दरअसल, मध्य प्रदेश में आज (एक अप्रैल) से नया शैक्षणित सत्र शुरू हुआ है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जा



रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर भोपाल के शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में "स्कूल चलें हम" अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। सरकारी स्कूलों की शिक्षा भी किसी से कमतर नहीं है। सरकारी स्कूलों में पढ़कर भी कई महान व्यक्तित्वों ने विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया है। छात्रों को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने इस अवसर पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

**प्रवेशोत्सव**

**स्कूलों में मनाया जा रहा है प्रवेशोत्सव, मुख्यमंत्री ने किया स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ**

## राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार एकता और अखंडता में निहित: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने बुधवार को हरिद्वार में राष्ट्रीय सैनिक संस्था की हरिद्वार इकाई एवं अखण्ड हिन्द फौज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान अखण्ड हिन्द फौज के छात्र-छात्राओं द्वारा परेड एवं झांकी का प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने अखण्ड हिन्द फौज में बालिकाओं की उपस्थिति और ड्रिल और परेड में बढ़-चढ़कर



प्रतिभाग करने पर प्रशंसा व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण और चरित्र निर्माण, समाज से बुराइयों के उन्मूलन, शहीद परिवारों के कल्याण, पूर्व सैनिकों के सशक्तीकरण, नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों को मिटाने, शिक्षा के जरिए नैतिक मूल्यों का विकास और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं।

## पायलट बाबा आश्रम में फिर बढ़ा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** पायलट बाबा आश्रम में चल रहा संपत्ति विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आश्रम के भीतर तनाव इस कदर बढ़ गया है कि बाबा के शिष्य और अन्य पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं। ताजा घटना में बुधवार को कुछ बाउंसरों ने आश्रम के संत पर हमला कर दिया। हालांकि, बीच-बचाव के बाद स्थिति शांत हो गई। पीड़ित संत ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बुधवार को पायलट बाबा के शिष्य कर्ण गिरि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2



अप्रैल को करीब पौने एक बजे चार बाउंसर आश्रम में घुस आए और जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ गाली-गलौच की। उन्होंने कहा कि चार बाउंसरों के बाद आठ से 10 बाउंसर आश्रम में और आ गए, जिनमें से दो के नाम अमरप्रीत और सुरजीत कुमार हैं, जिन्होंने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि उन पर पूर्व में भी हमला किया जा चुका है, जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज है। स्वामी कर्ण गिरि ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि चन्द्रकांता पांडे, जयप्रकाश भी शामिल रहे।

**तनाव**

**आश्रम के भीतर तनाव इस कदर बढ़ गया है कि बाबा के शिष्य और अन्य पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं**

## व्यावसायिक चालकों की ट्रेनिंग पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को संस्थागत रूप देना और व्यावसायिक चालकों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने 9 जनपदों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर आईडीटीआर की स्थापना के लिए न्यूनतम 10-15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इन 9 जनपदों में प्रस्तावित है आईडीटीआर की स्थापना

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, बलिया, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, झांसी, कानपुर नगर, शाहजहाँपुर, प्रयागराज में आईडीटीआर की स्थापना प्रस्तावित है। यह प्रस्ताव भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित योजना के अंतर्गत आता है। मोर्थ ने उक्त 9 जनपदों में आईडीटीआर की स्थापना के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**आईडीटीआर की स्थापना से बढ़ेगी प्रशिक्षित चालकों की संख्या**

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 30,37,166 व्यावसायिक वाहन हैं, जबकि व्यावसायिक वाहन चालकों की संख्या 27,48,523 है।

**व्यावसायिक**

**30,37,166 व्यावसायिक वाहन हैं, जबकि व्यावसायिक वाहन चालकों की संख्या 27,48,523 है**

## राजस्थान में फैक्टरी से गैस लीक, तीन की मौत

**अजमेर।** राजस्थान के ब्यावर के बाड़िया क्षेत्र में तेजाब फैक्टरी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत अब भी गंभीर है। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों को ब्यावर और अजमेर के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। गैस के असर से कई पालतू जानवरों और लावारिस कुत्तों की भी मौत हुई है। यह वाकया ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात हुआ है।

**आदेश** जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद गढ़वाल कमिश्नर को 5 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए

## ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद गढ़वाल कमिश्नर को 5 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) अवैध निर्माण कार्यों को किस आधार पर कंपाउंड कर रहा है, जबकि ऐसे निमार्णों को नियमित नहीं किया जा सकता।मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की



खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि देहरादून के ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने उसे सील कर दिया, लेकिन कुछ समय बाद विकास प्राधिकरण के एई ने सीलिंग से प्रतिबंध हटाकर अवैध निर्माण को कंपाउंड करते हुए मानचित्र स्वीकृत कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना था कि अवैध निमार्णों पर रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। याचिका में कहा कि अवैध निर्माण का कार्य ऋषिकेश में ही नहीं देहरादून मंसूरी में भी चल रहा है, लेकिन कमिश्नर गढ़वाल के रोक के बाद भी निचले स्तर के अधिकारी कमिश्नर के आदेश का अनदेखी करके अवैध निर्माण कार्यों को बढ़वा देकर उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर अवैध निर्माण कार्यों को कंपाउंड कर रहे है। इसलिए इन अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

